नई दिल्ली

शुक्रवार, 21 मार्च 2025

चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 340
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 32
न्यून. 16

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 आईपीएल : 'देसी' कप्तान पर सबको भरोसा, 10 में से 9 टीमों के कप्तान भारतीय


# प्रत्येक 2 मिनट* में, एक छात्र हमसे जुड़ रहा है,

**Aakash**
Medical | IIT-JEE | Foundations

डॉक्टर या इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने के लिए!
इस प्रक्रिया का हिस्सा बनें, आज ही रजिस्टर करें।

**प्रमाणित. विश्वसनीय. अभूतपूर्व.**

## 115484 आकाशियन्स क्वालिफाइड NEET (UG) 2024 में



AIR 1 — 720/720 — Mridul M Anand, 3 Year Classroom (Delhi State Topper)
AIR 1 — 720/720 — Aryan Yadav, 1 Year Classroom (Uttar Pradesh State Topper)
AIR 1 — 720/720 — Ayush Naugraiya, 4 Year Classroom (Uttar Pradesh State Topper)
AIR 1 — 720/720 — Arghyadeep Dutta, 2 Year Classroom (West Bengal State Topper)
AIR 1 — 720/720 — Palansha Agarwal, 2 Year Classroom (Maharashtra State Topper)
AIR 1 — 720/720 — Iram Quazi, 1 Year Classroom (Rajasthan State Topper)

और भी कई...

## 3081 आकाशियन्स क्वालिफाइड JEE (ADVANCED) 2024 में



AIR 25 — Rishi Shekher Shukla, 2 Year Classroom
AIR 67 — Krishna Sai Shishir, 4 Year Classroom
AIR 78 — Abhishek Jain, 4 Year Classroom
AIR 93 — Hardik Aggarwal, 2 Year Classroom
AIR 95 — Ujjwal Singh, 4 Year Classroom
AIR 98 — Rachit Aggarwal, 4 Year Classroom

और भी कई...

## 619 आकाशियन्स का 2024 में AIIMS के लिए रिकॉर्ड चयन

NEET



Pranav Srivastava, 2 Year Classroom
Padmanabh Menon, 2 Year Classroom
Karanveer Singh, 2 Year Classroom
Arindam Chowdhury, 2 Year Classroom
Anusha Srivastava, 2 Year Classroom
Akshat Pangaria, 2 Year Classroom

और भी कई...

*जुलाई 2023 से जून 2024 के बीच हुए नामांकन की संख्या पर आधारित

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

## प्रवेश प्रारम्भ
अगले बैच के लिए

- कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए — फाउंडेशन कोर्सेज स्कूल एग्ज़ाम / ओलंपियाड के लिए — बैच प्रारंभ होने की तिथि: 20th March - 04th April
- कक्षा 9वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए — स्कूल प्लस व प्रेप प्लस कोर्सेज — स्कूल / बोर्ड एग्ज़ाम, प्री-NEET व प्री-JEE सहित ओलंपियाड के लिए — बैच प्रारंभ होने की तिथि: 20th March - 04th April
- कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए — 2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड क्लासरूम कोर्सेज NEET / JEE के लिए — बैच प्रारंभ होने की तिथि: 22nd March - 06th April
- कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए — 1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड क्लासरूम कोर्सेज NEET / JEE के लिए — बैच प्रारंभ होने की तिथि: 20th March - 01st April
- कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण / अध्ययनरत छात्रों के लिए — 1 वर्षीय रिपीटर / ड्रॉपर कोर्सेज NEET / JEE के लिए — बैच प्रारंभ होने की तिथि: 17th April - 9th May

नामांकन के लिए स्कैन करें

इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (iACST) में भाग लें।
**90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें**
*नियम व शर्तें लागू

**क्रैश कोर्स NEET 2025**
बैचेस की शुरूआत:
26th-28th March

**Aakash DIGITAL**
STUDY ANYTIME, ANYWHERE!
Medical | IIT-JEE | Foundations
NEET / JEE की तैयारी
कहीं भी, कभी भी
8800687136

नज़दीकी ब्रांच की जानकारी के लिए QR कोड को स्कैन करें

**Call Your Nearest Branch:** **Janakpuri (Med. Wing):** 8800013110 **Janakpuri (Engg. & Fdn. Wing):** 8800013017 **Dwarka:** 8800013019 **South Ex (Med. Wing):** 8800013111 **South Ex (Engg. Wing):** 8800015936 **South Ex (Fdn. Wing):** 8800013018 **Model Town:** 8800522353, 9560197324 **Preet Vihar:** 8800909325 **Punjabi Bagh:** 8800901554 **Najafgarh:** 9311992032, 9289818738 **Pitampura (Med. Wing):** 8800473922, 9311272550 **Pitampura (Engg. Wing):** 8800710382, 9560292026 **East Patel Nagar:** 8447299285/386 **Rohini:** 8800945728, 9717771837, 9289647512 **Vasant Kunj:** 8800185967 **Jasola Vihar:** 8800189035, 9599187524 **Faridabad:** 8800013022 **NIT Faridabad:** 8800729482 **Gurugram (Sec.-14):** 8800840109, 9958064196 **Gurugram (Sector-49):** 8800845034, 9289514345 **Noida (Sector-18):** 8800013020 **Noida (Sector-62):** 8800013021 **Greater Noida:** 8800013024 **Greater Noida West:** 8800187908 **Ghaziabad:** 8826050181, 8826050187 **Bahadurgarh:** 8800901820, 7303251739 **Bhiwadi:** 8800956127, 9289339729 **Bulandshahr:** 7428293980, 8800902549 **Sonipat:** 8800898137, 9289054590 **Palwal:** 8800013038 **Rewari:** 9053008274, 9053008271

**Newly Open - Ghaziabad (Vasundhara):** 9971412888 **Gurugram (Sector-84):** 9220719538 **Dilshad Garden:** 9560796111

CALL (TOLL-FREE): 1800-102-2727
VISIT: aakash.ac.in
Scan the QR Code to Download Aakash App — GET IT ON Google Play
Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations

## अकबर रोड पर साइनबोर्ड को विरूपित किया गया, जांच शुरू

**नई दिल्ली।** कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ कथित रूप से तोड़फोड़ किए जाने के विरोध में बृहस्पतिवार को अज्ञात लोगों ने लुटियंस दिल्ली स्थित अकबर रोड के साइनबोर्ड को विरूपित कर दिया। यह साइनबोर्ड नयी दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में है, जिसे प्राधिकारियों ने तुरंत साफ करवाया। वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि संबंधित टीमों को तुरंत भेजा गया और हम अब किसी भी तरह की तोड़फोड़ को रोकने के लिए इलाके में कड़ी निगरानी रख रहे हैं। अधिकारियों ने नागरिकों से शांति बनाए रखने का आग्रह किया है, जबकि आरोपियों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

### रोहिणी इलाके में पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़

# मुठभेड़ के बाद एएटीएस के हत्थे चढ़े तीन अपराधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



रोहिणी इलाके में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ में तीन कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बेगमपुर स्थित पंसाली रोड पर पकड़े गये बदमाशों के नाम गोविंद उर्फ कोहली (33), कृष्णा उर्फ किन्हा और दाऊद उर्फ समीर हैं। तीनों का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास रहा हैं। जिस समय पुलिस ने घेराबंदी को अंजाम दिया उस समय वह कार में सवार थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की और आत्मसमर्पण करने के निर्देश दिए, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोविंद और कृष्णा के पैर में गोली लगी। बाद में दोनों को बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक अपराधियों ने कुल पांच राउंड फायरिंग की। तीसरा आरोपी दाऊद मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से दो पिस्तौल बरामद हुई। आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई कार भी नेताजी सुभाष प्लेस इलाके से चोरी की गई थी। गोविंद पर 70, कृष्णा पर 16 और दाऊद पर 10 आपराधिक मामले दर्ज पाये गये हैं। पुलिस मामले की आगे तफ्तीश कर रही है। इनसे जुड़े गैंग और बदमाशों की जानकारी ली जा रही है।

## महिला की गला घोंटकर हत्या, दो गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में एक महिला की गला घोंटकर हत्या कर शव को द्वारका के नजफगढ़ नाले में फेंक दिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हत्या की इस वारदात के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इसने बताया कि बताया कि आरोपियों की पहचान जुबैर (27) और आसिफ (26) के रूप में हुई है, जिसमें से एक आसिफ का पीड़िता कोमल (22) के साथ प्रेम प्रसंग था। पुलिस ने बताया कि आसिफ और जुबैर ने महिला के शव को पत्थर बांधकर नाले में फेंक दिया था।

इसने बताया कि महिला का 17 मार्च को शव बरामद किया गया जिसके बाद यह मामला प्रकाश में आया।

पुलिस ने बताया कि जांच के बाद पता चला कि यह शव कोमल का था। कोमल 13 मार्च को सीमापुरी से लापता हो गई थी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू की गई और बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

सूत्रों ने बताया कि कोमल एक कॉल सेंटर में काम करती थी जबकि आसिफ कैब चालक था।

**विद्युत कार्य**

**निविदा सूचना सं.: RNY-EL-T-18-2024-25, दिनांक: 18-03-2025।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** RNY-EL-T-18-2024-25; **कार्य का नाम:** सभी शेष कार्यालयों के लिए स्प्लिट टाइप एसी की स्थापन के लिए विद्युत कार्य जिसमें सभी एसी के लिए अलग-अलग वायरिंग के साथ मंत्रालयी कर्मचारियों तथा संपूर्ण डीआरएम भवन के लिए मौजूदा एसी शामिल हैं और डीआरएम भवन में मौजूदा सब-स्टेशन की क्षमता बढ़ाना तथा सभी डीआरएम भवनों के भीतर कमरों/शाखा कार्यालयों को छोड़कर मौजूदा वायरिंग को ढकना शामिल हैं। **विज्ञापित मूल्य:** ₹1,19,94,807.88; **धरोहर राशि:** ₹2,10,000.00। **ई-निविदा** 11-04-2025 को 13.00 बजे **बंद होगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

सीनि. डीईई/रंगिया

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अफजल, पुत्र सहजाद निवासी मकान नं. सी-122, गली नंबर 9/2, कनीजा मस्जिद के पास, चौहान बांगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 46/2021, धारा 25 आर्म्स एक्ट और 102 सीआरपीसी, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अफजल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अफजल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 46/2021, धारा 25 आर्म्स एक्ट और 102 सीआरपीसी, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अफजल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, कमरा नं. 07**
**DP/3370/NE/2025** **कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली**

## मकान किराये पर देने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ आर्थिक अपराध शाखा ने किया जालसाजों को अरेस्ट

खुद को मालिक बताकर मकान किराए व लीज पर देने के नाम पर सैकड़ों लोगों को ठगने वाले दो जालसाजों आर्थिक अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। इनके नाम राजू सिंह और रीमा जायसवाल है। इनका एक साथी पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार सुखबीर सिंह की शिकायत पर 28 मई 2023 को धारा 420/468/471/506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में आरोप लगाया है कि उन्होंने लाल दरवाजा, बुराड़ी में एक फ्लैट 4 लाख रुपये की सुरक्षा राशि पर कथित व्यक्ति रोहन सिंह निवासी तोमर कॉलोनी, बुराड़ी से लिया था। इस संबंध में रोहन सिंह और शिकायतकर्ता के बीच एक पट्टा सुरक्षा समझौता भी हुआ था। बैंकिंग चैनल के माध्यम से शिकायतकर्ता द्वारा रोहन सिंह को 3 लाख 88 हजार रुपये का भुगतान किया गया था। बाद में शिकायतकर्ता को पता चला कि उपरोक्त संपत्ति रोहन सिंह की नहीं है, बल्कि इसका मालिक सुंदरेश्वर कुमार सुमन है। जांच के दौरान लगभग 100 अन्य पीड़ितों ने रोहन के खिलाफ इसी तरह के आरोपों के साथ पुलिस से संपर्क किया है। जांच के दौरान पता चला है कि आरोपी व्यक्ति राजू सिंह और रीमा जायसवाल पूरे अपराध के मास्टरमाइंड हैं। उन्होंने पीड़ितों को बहकाया और खुद को संपत्तियों का मालिक बताया और सुरक्षा राशि के बदले पीड़ितों को संपत्ति पट्टे पर दे दी। पीड़ितों से एकत्र की गई सुरक्षा राशि का कुछ हिस्सा संपत्ति के वास्तविक मालिकों को किराए के रूप में दिया गया और कुछ समय बाद आरोपियों ने वास्तविक मालिकों को किराया देना बंद कर दिया। इस तरह वास्तविक मालिकों को नुकसान हुआ क्योंकि उनकी संपत्ति बिना किसी किराए के पट्टे पर दे दी गई थी। आरोपी राजू सिंह एक एनजीओ चलाता है और रीमा जायसवाल मुख्य आरोपी रोहन सिंह की करीबी सहयोगी है। रोहन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और वह न्यायिक हिरासत में है।

## डीयू के रिटायर्ड प्रोफेसर के घर डकैती की वारदात का खुलासा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ मास्टरमाइंड समेत दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

अशोक नगर में डीयू के सेवानिवृत्त प्रोफेसर के घर पर हथियारबंद डकैती की सनसनीखेज वारदात का खुलासा आईएससी, अपराध शाखा ने कर दिया है। मास्टरमाइंड समेत दो शातिर लुटेरों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। पीड़ित प्रोफेसर अपनी पत्नी के साथ अशोक विहार इलाके में रहते हैं। अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने पीड़ितों के हाथ पैर बांधकर सोने चांदी के आभूषण, नकदी, मोबाइल फोन और कार लूटी थी। लूटे गए जेवरात और नकदी की आंशिक बरामदगी भी कर ली गई।

डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार गिरफ्त में आये बदमाश पहले भी डकैती, हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी, शराब तस्करी और आर्म्स एक्ट के विभिन्न मामलों में शामिल रहे हैं। इस मामले में कुख्यात अपराधी सूरज उर्फ अखिल (32) निवासी विजयनगर, गाजियाबाद और सचिन (29) निवासी गांव जौंचना, गाजियाबाद है। पुलिस का कहना है कि 17 फरवरी को यह वारदात सामने आई थी। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में दोनों बदमाशों की करतूत कैद हुई थी। वारदात में इनके दो अन्य साथी भी शामिल थे। आरोपी सूरज पहले 17 मामलों में शामिल पाया गया है। जबकि आरोपी सचिन एनसीआर के विभिन्न थानों के डकैती, हत्या का प्रयास, जुआ, शस्त्र अधिनियम, चोरी आदि के 14 मामलों में शामिल रहा है। इनके दो फरार साथियों के नाम मोनू और अमित पता चलें हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अशोक उर्फ राहुल उर्फ रोहित पुत्रः अनिल, पताः** मकान नं. 9, कमरा नं.2, नियर शाह जी, डेयरी रोड, मण्डावली, दिल्ली, **FIR No. 43143/2018, U/s 379 IPC,** थानाः मण्डावली, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक उर्फ राहुल उर्फ रोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक उर्फ राहुल उर्फ रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 43143/2018, U/s 379 IPC,** थानाः मण्डावली, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अशोक उर्फ राहुल उर्फ रोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री सचिन**
**DP/3286/ED/2025** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03
**(Court Matter)** कोर्ट नं. 16, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

## भाजपा सरकार एमएसपी नहीं देकर सीधे पहुंचा रही है व्यापारियों को फायदाः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार द्वारा किसानों को फसल पर एमएसपी न देकर सीधे व्यापारियों को फायदा पहुंचा रही है। जबकि किसानों को सरसों की फसल पर प्रति बीघा 4750 रुपये तक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यादव ने कहा कि भाजपा शासित केंद्र सरकार की किसानों के प्रति दोहरी नीति के कारण उनको फसल पर एमएसपी मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूंजीपतियों को संरक्षण देने वाली भाजपा सरकार सरसों की फसल पर एमएसपी को 1 अप्रैल से पंजीकरण कराएगी। जबकि फसल 15 फरवरी से ही मंडियों में आना शुरु हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सरसों की एमएसपी खरीद में देरी के कारण किसानों को 950 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान हो रहा है। क्योंकि सरसों की एमएसपी खरीद का तय मूल्य 5950 रुपये है जबकि मंडियों का दाम 5000 रुपये प्रति क्विंटल है। उन्होंने कहा कि किसानों को प्रति बीघा नुकसान 4750 रुपये हो रहा है क्योंकि एक बीघा में 5 क्विंटल सरसों होता है। करीब 10 बीघा जमीन की सरसों की फसल का नुकसान 47,500 रुपये तक हो रहा है। किसान पिछले 3 वर्षों से लगातार सरकार से एमएसपी पर सरसों की खरीद को 15 फरवरी से लागू करने का अनुरोध कर रही है। परंतु भाजपा पूंजीपतियों और व्यापारियों को फायदा पहुंचाने के एमएसपी मूल्य पर खरीद के लिए पंजीकरण में जानबूझकर देरी करती है। उन्होंने कहा कि सरकार का बाजार भाव और एमएसपी खरीद पर कोई नियंत्रण नहीं है। क्योंकि गेहूं की एमएसपी खरीद मूल्य 2525 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि मंडियों में गेहूं 2800 रुपये प्रति क्विंटल तक बिक रहा है।

## बिजली कंपनियों ने की अपील, अर्थ आवर के दिन कल एक घंटे बिजली उपकरण रखें बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूरी दुनिया में आगामी 22 मार्च को एक घंटे के लिए गैर-जरूरी लाइट बंद रखकर अर्थ आवर मनाया जाएगा। जिसको लेकर दिल्ली में निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल ने उपभोक्ताओं से इसमें अपनी भूमिका निभाने की अपील की है। बीएसईएस कंपनी ने कहा कि करीब दो करोड़ दिल्लीवासियों से हमारी खास अपील है कि आने वाली 22 मार्च 2025 शनिवार को अर्थ आवर डे पर बिजली जरूर बचाए। कंपनी ने कहा कि अर्थ आवर सिर्फ बिजली बचाने का अभियान नहीं है बल्कि यह नागरिकों को अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने के लिएभी प्रेरित करता है। जैसे - जल की बचत करना, सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करना, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को घटाना आदि शामिल है, जिससे की धरती को बचाने में योगदान दिया जा सके। कंपनी ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि 22 मार्च रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अर्थ आवर के दौरान गैर-जरूरी लाइट और बिजली उपकरण जरूर बंद करें। बीएसईएस का कहना है कि पिछले साल दिल्ली में अर्थ आवर के दौरान 206 मेगावाट बिजली बचाई गई थी, जिसमें बीएसईएस क्षेत्र का योगदान 130 मेगावाट रहा। दूसरी तरफ निजी बिजली वितरण कंपनी टाटा पावर डीडीएल ने भी अपने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि 22 मार्च रात 8:30 बजे से 9:30 बजे तक अर्थ आवर के दौरान गैर-जरूरी लाइट और बिजली उपकरण जरूर बंद करें। उपभोक्ताओं की सहभागिता के चलते गत 2024 में अर्थ आवर डे के तहत 71 मेगावाट ऊर्जा की बचत हुई थी। कंपनी ने दावा किया कि हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, निवासी संघों, उद्योग संघों के साथ मिलकर इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। इस पहल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए व्हाट्सएप, ग्राहक सेवा केंद्रों, आवासीय सोसाइटियों, वेबसाइट और सोशल मीडिया जैसे माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है।

# युवती की लाश नाले में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी

कॉल सेंटर में काम करने वाली लड़की की छावला में हत्या कर दी गई। मृतका कोमल सुंदर नगरी की रहने वाली थी। पत्थर से बांधकर उसकी लाश को नाले में डाला गया था। पुलिस ने केस के संबंध दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिस शख्स पर हत्या का आरोप है वह भी युवती के इलाके का रहने वाला है। लड़की की बॉडी 16 मार्च को बरामद हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार परिवार वालों ने 19 मार्च यानि बुधवार को लाश की पहचान की थी। परिवार वालों का आरोप है कि जब लड़की लापता हुई थी। उसी दिन वह अलग-अलग थानों में भटक रहे थे। सीमापुरी पुलिस ने मिसिंग की रिपोर्ट दर्ज की थी। लड़की के परिजन पहले नंद नगरी थाने में शिकायत दर्ज कराने गए थे। वहां से उन्हें प्रीत विहार थाने भेजा गया। वहां पुलिस वालों ने कहा कि अंतिम लोकेशन सीमापुरी थाना इलाके की है। इसलिए शिकायत वही दर्ज कराई जाएगी। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आसिफ और जुबैर के रूप में हुई है। दोनों आरोपी टैक्सी चलाते है और एक पीड़ित लड़की की गली में ही रहता है। परिवार वालों का आरोप है कि वह लड़की पर दोस्ती और शादी करने के लिए दबाव डाल रहा था। वारदात वाले दिन वह बहाने से उसे टैक्सी में बिठाकर दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में घूमाता रहा। इसी दौरान उसका दूसरा साथी भी कार में सवार हो गया। विरोध करने पर कोमल की हत्या कर दी गर्ठ और बॉडी को छावला थाना इलाके के नाले में पत्थर से बांधकर डंप कर दिया गया था।

**ANKA INDIA LIMITED**

Regd. Off: 6, Legend Square, Sector 33, Gurugram - 122004
CIN: L74900HR1994PLC033268: Email id: response@ankaindia.com
Phone no: 9820069933; 0124-2322570; website: www.ankaindia.com

NOTICE OF THE 01st EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING OF F.Y. 2025-26, E-VOTING INFORMATION

Members are hereby informed that dispatch of the Notice of the **01st Extra Ordinary General Meeting of F.Y. 2025-26 ("EGM" OR "THE MEETING")** of the Anka India Limited ("the Company") to be convened on Saturday, April 12th, 2025, at 04:00 P.M IST through Video Conferencing ('VC') or Other Audio-Visual Means ('OAVM') has been completed on **20th March, 2025** to the Members of the Company whose email ids are registered with the Company or the Registrar and Share Transfer Agent or their respective Depository Participant(s), in conformity with the regulatory requirements.

In terms of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, Regulation 30 and Regulation 44 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 read with General Circular Nos. 14/2020 ( dated 8th April, 2020), 17 /2020 ( dated 13th April, 2020), 20/2020 ( dated 5th May, 2020), 02/2021 ( dated January 13th, 2021), 10/2021 (dated June 23rd, 2021), Circular No. 20/2021 (dated December 08th, 2021), Circular No. 11/2022 (dated December 28th, 2022), Circular No. 09/2023 (dated September 25th, 2023) and Circular No. 09/2024 (dated September 19th, 2024) respectively, issued by the Ministry of Corporate Affairs **("MCA Circular(s)")** and Circular No. SEBI/HO/CFD/CMDI/CIR/P/2020/79 dated 12th May, 2020, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 dated 15th January, 2021, Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 dated 13th May, 2022, Circular No. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 dated 5th January, 2023, Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 dated 7th October, 2023 and Circular No. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 dated 3rd October, 2024 issued by the Securities and Exchange Board of India **("SEBI Circulars")**, the Company is providing its members, the facility to exercise their right to vote at the Extra Ordinary General Meeting (EGM) by electronic means on all the businesses set forth in the Notice of the EGM through the remote e-Voting Services provided by CDSL. The detailed instructions for remote e-voting facility are contained in the Notice of the EGM which has been sent to the Members.

The details pursuant to the provisions of Companies Act, 2013 and Rules are given hereunder:

1. Members holding shares in physical mode, who have not registered / updated their email addresses with the Company, are requested to register / update the same by writing to the Company with details of folio number and attaching a self-attested copy of PAN card at response@ankaindia.com or to Alankit Assignments Limited at rta@alankit.com.
2. Members holding shares in dematerialized mode, who have not registered / updated their email addresses with their Depository Participants, are requested to register / update their email addresses with the Depository Participants with whom they maintain their demat accounts.
3. Cut-off date for the purpose of remote e-voting is **Saturday, 05th April, 2025**.
4. Period of e-voting: E-voting shall commence from **Wednesday 09th April, 2025 09:00 A.M. and ends on Friday 11th April, 2025 05:00 P.M.** Please note that remote e-voting will not be allowed beyond the above mentioned time and date.
5. Persons who have acquired shares and become member of the Company after dispatch of Notice of the EGM and holding shares as on the cut-off date i.e. **Saturday, 05th April, 2025,** may cast their votes by following the instructions and process of remote e-voting as provided in the Notice of EGM.
6. The EGM notice, is available on the Company's website https://www.ankaindia.com/egm-reports and is also available on CDSL's website at www.evotingindia.com.
7. A person, whose name appears in the Register of Members or in the Register of Beneficial owners maintained by the depositories as on cut-off date only, shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the EGM. However, if the person is already registered with CDSL for remote e-voting, then the existing User ID and Password can be used for casting votes.
8. Members attending EGM through VC/OAVM facility, who have not casted their votes by remote e-voting shall be able to cast their votes through e-voting at the EGM.
9. Members who have casted their votes by remote e-voting, may also attend the EGM through VC/OAVM facility but shall not be entitled to cast their votes again at the EGM.
10. The procedure for e-voting, attending the EGM through VC/OAVM facility and registration of E-mail ID by shareholders has been provided in the Notice of EGM. The same is available on the website of the Company: https://www.ankaindia.com/egm-reports, website of Central Depository Services India Ltd. at www.evotingindia.com and at the website of BSE Limited: www.bseindia.com.
11. If you have any queries or issues regarding attending EGM & e-voting from the CDSL e-Voting System, you can write an email to helpdesk.evoting@cdslindia.com or contact at toll free no. 1800 22 55 33.
12. In case of any query/ grievance, Members may contact Mr. Anu Sharma, Company Secretary at 6 Legend Square Sector 33 Gurugram-122004, Email ID response@ankaindia.com.
13. The result of e-voting shall be announced on or after **12th April, 2025 but not later than 48 Hours from the conclusion of EGM.** The e-voting result and the Scrutinizer's report shall be placed on the Company's website www.ankaindia.com and CDSL's website www.evotingindia.com for the purpose of informing the members, besides being communicated to BSE Limited, where the shares of the Company are listed.

FOR ANKA INDIA LTD
Sd/-
ANU SHARMA
Company Secretary

PLACE: GURUGRAM
DATED: 21.03.2025

### स्वास्थ्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की मोबाइल डेंटल क्लीनिक वैनें

# दिल्ली सरकार के साथ मिलकर मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज ने शुरू किए छह मोबाइल डेंटल क्लीनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार के साथ मिलकर मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (एमएआईडीएस) नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम के तहत 6 मोबाइल डेंटल क्लीनिक शुरू किए हैं। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह इन छह मोबाइल डेंटल क्लीनिक वैनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये मोबाइल डेंटल वैन दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में जाकर मुफ्त दंत जांच, इलाज और ओरल हेल्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेंगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि मैं खुद डेंटल क्षेत्र से जुड़ा रहा हूं और मैंने देखा है कि लोग अक्सर ओरल हेल्थ को नजरअंदाज कर देते हैं। हमारे समाज में जागरूकता की बहुत जरूरत है ताकि कोई भी व्यक्ति दांतों से संबंधित छोटी-मोटी समस्या को हल्के में न ले। स्वस्थ जीवन शैली की शुरुआत सही समय पर डॉक्टर से सलाह लेने और सही इलाज कराने से होती है।

डॉ. सिंह ने इन मोबाइल डेंटल क्लिनिक में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हर मोबाइल डेंटल वैन में आधुनिक डेंटल चेयर, पोर्टेबल एक्स-रे यूनिट, अल्ट्रासोनिक स्केलर, स्टेरिलाइजेशन यूनिट और अन्य जरूरी उपकरण उपलब्ध हैं। मरीजों को मुफ्त फ्लोराइड ट्रीटमेंट, सीलेंट और छोटे रेस्टोरेटिव उपचार भी दिए जाएंगे। इन मोबाइल क्लिनिक में दंत विशेषज्ञों की एक समर्पित टीम मौजूद रहेगी, जो दांतों की जांच, ओरल स्क्रीनिंग, दांत दर्द से जुड़ी आपातकालीन सेवाएं प्रदान करेगी। साथ ही, इन क्लिनिकों में स्मार्ट टेलीविजन और ऑडियो सिस्टम भी लगे हैं, जिनके जरिए मरीजों को ओरल हेल्थ और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान मंत्री ने मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (एमएआईडीएस) में दंत चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिंह ने 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना के तहत एक ई-लाइब्रेरी का भी शुभारंभ किया। यह लाइब्रेरी छात्रों और डॉक्टरों को मुफ्त में हजारों किताबों, शोध-पत्रों और जर्नल्स को एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा। यह ई-लाइब्रेरी छात्रों और डॉक्टरों के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे वे एक क्लिक में शोध संबंधी, जर्नलों तक पहुँच सकते हैं।

ई-बुक्स भविष्य की शिक्षा प्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, और इस पहल से यह सुनिश्चित होगा कि सभी छात्रों और डॉक्टरों तक जरूरी शोध पत्र और जर्नल्स उपलब्ध हो सकें। डॉ. सिंह ने मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज की सराहना की और इसके निदेशक, प्राचार्य, फैकल्टी और पूरी टीम को इस महत्वपूर्ण पहल के लिए बधाई दी।

नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 340
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 34.2
न्यून. 17.1

# हरिभूमि


दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




7 राजावत-मुथुस्वामी ने दर्ज की जीत
सिंधू हार से बाहर




विशेष : विश्व जल दिवस, 22 मार्च

बच्चो, हम हर वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाते हैं। जल का हमारे जीवन में क्या महत्व है, विश्व जल दिवस हम किन उद्देश्यों को लेकर मनाते हैं, इस बारे में तुम्हें जरूर जानना चाहिए।



# जीवन है जल आओ करें संरक्षित

अवेयरनेस / शिखर चंद जैन

बच्चो, जीवन के लिए हवा, भोजन और पानी तीनों बहुत जरूरी हैं। हम तभी जीवित रह सकते हैं, जब सांस लेने के लिए हवा मिले, पेट भरने के लिए भोजन और प्यास लगने पर पानी मिले। पृथ्वी पर अगर पानी न हो तो जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। बच्चो, इस संदर्भ में तुम्हें यह भी जानकारी होनी चाहिए कि हमारी पृथ्वी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा जल से भरा है, लेकिन हम जो पानी उपयोग कर सकते हैं, वह पृथ्वी पर मौजूद पानी का एक प्रतिशत से भी कम हिस्सा है, जिसे हम मीठा पानी कहते हैं। यह स्वच्छ और मीठा पानी दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। आज इसके संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।



### विश्व जल दिवस की शुरुआत

जीवन के लिए जल के महत्व को समझते हुए और विश्व में लगातार स्वच्छ और पेय जल की कमी को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र यानी यूनाइटेड नेशंस द्वारा प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया। 22 मार्च 1993 को पहला विश्व जल दिवस यानी 'वर्ल्ड वाटर-डे' मनाया गया। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस मनाया जाता है।

### हर साल रहती है एक थीम

यूनाइटेड नेशंस के संगठनों के परामर्श से प्रत्येक वर्ष विश्व जल दिवस की एक थीम रखी जाती है। 2025 की थीम है-ग्लेशियर संरक्षण। बच्चो, तुम्हें पता होगा कि ग्लेशियर दुनिया में मीठे पानी का बहुत ही महत्वपूर्ण स्रोत है। भविष्य में हमारे सामने जल संकट न आए, इसके लिए इन ग्लेशियरों का बचा रहना बहुत जरूरी है। बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग और अन्य कई कारणों से ये ग्लेशियर बहुत ही तेजी से पिघल रहे हैं। 'ग्लेशियर संरक्षण' थीम दुनिया को ग्लेशियरों की रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर देगी। हम अपने ग्लेशियरों को कैसे बचाएं, इसके लिए लोगों को जागरूक करेगी।

### क्या हैं इसके उद्देश्य

अब विश्व जल दिवस के उद्देश्यों की बात करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य हैं-सभी को पीने योग्य साफ मीठा पानी मिले। इसके लिए पानी को सही तरीके से साफ किया जाए। पानी को जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किया जाए। पानी की बर्बादी को रोका जाए। इसके साथ ही हम ऐसे नेचर-फ्रेंडली कदम उठाएं, जिससे ग्लोबल वार्मिंग कम हो।

### क्या-क्या होता है आयोजन में

विश्व जल दिवस के अवसर पर दुनिया भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरणविद और नीति निर्माता, समुदाय और संगठन जल संकट और इसके समाधान के उपायों पर चर्चा करते हैं। स्कूलों और कॉलेजों में भी जल संरक्षण और प्रबंधन पर सेमिनार और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्थानीय समूह और स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों (वाटर बॉडीज) की सफाई करते हैं। इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े सेलिब्रिटीज लोगों को पानी की बर्बादी न करने और पर्यावरण अनुकूल आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। *

### जल संरक्षण के लिए तुम भी करो प्रयास



बच्चो, तुम भी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से जल संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो, जैसे-

- घर में पानी के उपयोग न होने पर नल बंद कर दो।
- अपने दोस्तों को भी जल बचाने के महत्व के बारे में बताओ।
- जल संरक्षण के बारे में जरूरी फैक्ट और इसका महत्व आकर्षक पोस्टर और वीडियोज बनाकर लोगों को बताओ।
- किसी एनजीओ या संगठन से वॉलंटियर के रूप में जुड़कर अपने आस-पास की प्रदूषित नदियों, झीलों और समुद्र तटों को साफ करने के कामों में अपना योगदान दो।



कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पानी

जिस पृथ्वी पर रहते हैं हम
उसकी अजब कहानी है।
एक भाग पर स्थल इसके
तीन भाग पर पानी है।
'लेवोइजो' ने बतलाई
तब सारी दुनिया जानी।
कैसे बनता, कहां से आता
क्या होता है यह पानी।
वैज्ञानिक कहते-पानी है
दो गैसों का संयोजन।
दो हिस्सा हाइड्रोजन होता
एक भाग है ऑक्सीजन।
यों तो हम जिस ओर भी देखें
बस जल ही जल फैला है।
लेकिन उसमें से ज्यादातर
प्रदूषित और मैला है।
साफ, स्वच्छ पानी छोड़े
कपड़े, बरतन पर दाग नहीं।
रंगहीन होता है,
इसमें गंध नहीं और स्वाद नहीं।
प्रदूषित पानी में कुछ
रोगाणु हैं होते मिले हुए।
घातक खनिज रसायन ढेरों
इसके अंदर घुले हुए।
बात साधारण, नहीं जानते
पर इसको बहुतेरे लोग।
गंदा पानी पीने से ही
हो जाते हैं ढेरों रोग।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, दूध पीना स्वास्थ्य के लिए बहुत ज्यादा लाभकारी है। इसीलिए इसे 'कंप्लीट फूड' भी कहा जाता है। इंसान ने गाय के दूध दुहने की शुरुआत कब से की, दूध के प्रमुख स्रोत क्या हैं, जानो।

# गाय के दूध की कब से हुई शुरुआत



बच्चो, दूध तो तुम सभी पीते होगे, लेकिन क्या तुम्हारे मन में कभी ये सवाल आया कि दुनिया में सबसे पहले गाय के दूध यानी काऊ मिल्क का इस्तेमाल कब किया गया? या फिर काऊ मिल्क के उपयोग का सबसे पुराना साक्ष्य कब का मिलता है?

**हजारों सालों से उपयोग हो रहा गाय का दूध:** मान्यताओं के अनुसार गाय के दूध का प्रयोग मानव सभ्यता के आदिकाल से किया जाता रहा है। साक्ष्यों की बात करें तो प्राचीन नगर बेबीलोन (वर्तमान इराक देश) के निकट लगभग पांच हजार साल पुराना एक मंदिर खोजा गया है। मंदिर की दीवारों पर अनेक चित्र उकेरे हुए हैं। एक चित्र में लोगों को गाय का दूध निकालते हुए दिखाया गया है।



**चित्र में क्या दिखाया गया है:** बेबीलोन के मंदिर से प्राप्त चित्र में एक व्यक्ति पीछे की तरफ से दूध निकाल रहा है, वह एक स्टूल जैसी चीज पर बैठा हुआ है। अन्य व्यक्ति जमीन पर रखे कंटेनर में दूध ले रहे हैं। एक तीसरा समूह पत्थर के विशाल जारों में निकाले गए दूध को एकत्र कर रहे हैं। इस चित्र से ऐसा प्रतीत होता है कि हजारों साल पहले भी गाय से दूध निकालने, इसके इस्तेमाल करने के साथ-साथ गाय के दूध का व्यापार भी काफी संगठित था।

**आधुनिक युग में दूध के प्रमुख स्रोत:** आज जो दूध हम इस्तेमाल करते हैं, उसका प्रमुख स्रोत गाय के अलावा भैंस, बकरी आदि जंतु भी हैं। इसके अलावा दुनिया के विभिन्न हिस्सों में वहां पाए जाने वाले अन्य जानवरों के दूध का भी प्रयोग किया जाता है। जैसे-एशिया महाद्वीप में अलग-अलग स्थानों पर गाय-भैंस के अलावा ऊंटनी, घोड़ी, याक और भेड़ जैसे जानवर भी दूध के प्रमुख स्रोत हैं। बर्फीले इलाकों में रहने वाली एस्किमो और लैपलैंडर्स जनजाति दूध के लिए कारिबोऊ और रेनडियर का उपयोग करते हैं। हमारे भारत और सेंट्रल एशिया के देशों में गाय के साथ-साथ भैंस भी दूध का प्रमुख स्रोत है। *

### दूध है कंप्लीट फूड

बच्चो, दूध को संपूर्ण भोजन यानी 'कंप्लीट फूड' कहा जाता है। इसमें कई सारे पौष्टिक तत्व एवं न्यूट्रीएंट्स, जैसे-कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन, मिल्क शुगर (लैक्टोज) और मिल्क प्रोटीन (कैसीन) आदि पाए जाते हैं। दूध आसानी से पच जाता है, इसलिए ये तत्व हमारे शरीर में जल्दी और सही ढंग से एब्जॉर्ब हो जाते हैं। इसलिए बच्चो हमें रोज दूध पीना चाहिए।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशप्रेम की रोमांचक कहानी

बच्चो, 'ये देश हमारा है' देशप्रेम की भावना जगाने वाला एक रोचक-रोमांचक बाल उपन्यास है। इसमें पांच एनसीसी कैडेट्स सक्षम, अक्षय, हार्दिक, आराध्या और मान्यता ट्रेनिंग कैंप के लिए सेना के अधिकारी कैप्टन ज्ञानेंद्र वर्मा के साथ हिमालय के सीमावर्ती इलाके में जाते हैं। लेकिन वे सब जिस हेलीकॉप्टर में जा रहे होते हैं, उसका एक्सीडेंट हो जाता है। उनकी जान तो बच जाती है लेकिन वे घने जंगल में फंस जाते हैं। वहां दुश्मन देश के सैनिक कैप्टन वर्मा को पकड़ लेते हैं। फिर उन्हें छुड़ाने के लिए सक्षम किस बुद्धिमानी से उन सबका पीछा करता है? कैसे पांचों बहादुर बच्चे जंगल के निवासियों की मदद से देश के दुश्मनों के गुप्त अड्डे का पता भारतीय सेना को बताकर अदम्य साहस का परिचय देते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह रोमांचक उपन्यास पढ़ना होगा। पांच बच्चों की देशभक्ति और साहस से भरी यह कहानी पढ़कर तुम्हारे मन में भी अपने देश के लिए कुछ करने की भावना प्रबल हो उठेगी।




**किताब:** ये देश हमारा है (बाल उपन्यास), **लेखक:** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

हिंदी ज्ञान / आशा शर्मा

बच्चो, निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के रिक्त स्थनों में एक ही शब्द भरा जाएगा। उस उपयुक्त शब्द को भरकर इन मुहावरों/लोकोक्तियों को पूरा करो।

1. ........ का धुला होना।
2. ........ का ........ और पानी का पानी करना।
3. ........ के दांत टूटना।
4. ........ का जला छाछ भी फूंक कर पीता है।
5. ........ दही की नदियां बहना।
6. छठी का ........ याद आना।
7. ........ के कुल्ले करना।
8. ........ में खट्टड़ डालना।

उत्तर : दूध

## जीके क्विज-146

1. फरवरी 2025 के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड से किसे सम्मानित किया गया?
2. हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?
3. भारत का सर्वाधिक साक्षर राज्य कौन-सा है?
4. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
5. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
6. भारत का नेपोलियन किसे कहा जाता है?
7. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
8. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
9. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
10. झारखंड की राजधानी कहां है?



बच्चो, जीके क्विज-146 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-145 का उत्तर :** 1.होलिका, 2.बरसाना (मथुरा), 3.न्यूजीलैंड, 4.गुजरात, 5. 22 मार्च, 6.अचंता शरत कमल, 7.तमिलनाडु, 8.जयपुर, 9.बांग्लादेश, 10.पेरिस

**जीके क्विज-145 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, डॉली-दुर्ग, अंजना-बालोद, साकेत-दुर्ग, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, दिशा-बेमेतरा, कुणाल-रोहतक



# कौए को भाया काला रंग

एक दिन कौआ बहुत उदास था। उसकी इस उदासी की वजह थी-उसके पंखों का काला रंग। लेकिन जब कई पक्षियों ने आकर कौए को अपनी-अपनी आपबीती सुनाई तो उसे लगा कि उसका काला रंग सबसे अच्छा है। इन पक्षियों ने ऐसी क्या आपबीती कौए को सुनाई, जो उसे अपना काला रंग भा गया?

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कौआ पेड़ की डाल पर चुपचाप बैठा था। उसके काले-चमकीले पंख धूप में चमक रहे थे। लेकिन उसे अपने पंखों का काला रंग पसंद नहीं था। इसलिए वह उदास था। तभी बगल की डाल पर एक गौरैया आकर बैठ गई। पहले तो कौए ने उधर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब एकाएक उसकी नजर गौरैया के पंखों पर पड़ी तो वह चौंक पड़ा! उसके पंखों में गुलाबी रंग लगा हुआ था। कौआ हंस पड़ा, उसने पूछा, 'अरे! तुम्हारे पंखों को यह क्या हुआ?'

गौरैया कुछ नहीं बोली। उदासी से मुंह लटका लिया। कौए को हैरानी हुई, वह बोला, 'तुम इसे साफ क्यों नहीं कर लेतीं?'

गौरैया उदास स्वर में बोली, 'मैंने बहुत कोशिश की। धूल में लोट-पोट मचाई। पोखर में छपछैया की, लेकिन जाने कैसा रंग है, छूटता ही नहीं। अब तो इन पंखों के झड़ने का इंतजार कर रही हूं, तभी इससे छुटकारा मिलेगा।' 'पर यह रंग लगा कैसे?' कौए को जिज्ञासा हुई। 'दरअसल...।' गौरैया ने बताया, 'तुम्हें तो पता ही है कि मैं इंसानों के बीच रहना पसंद करती हूं। एक दिन मैं एक घर की मुंडेर पर बैठी थी। मुझे आंगन में कुछ दाने पड़े दिखाई दिए।

भूख तेज लगी थी। मैंने आव देखा न ताव, दानों पर झपट पड़ी। जैसे ही मैंने चोंच मारी कि 'खट' की आवाज हुई और चारों तरफ अंधेरा छा गया।' 'अरे...!' कौआ हैरानी से बोला। 'हां, असल में कुछ शरारती बच्चों ने एक डलिया को लकड़ी के सहारे टिका रखा था और लकड़ी को रस्सी से बांधकर छिप गए थे। मैं दानों के चक्कर में जैसे ही अंदर पहुंची कि उन्होंने रस्सी खींच ली और मैं डलिया के अंदर बंद हो गई। फिर वे मुझे पकड़ कर बहुत देर तक मेरे साथ खेलते रहे। जब मन भर गया तो मेरे पंखों पर रंग लगाकर छोड़ दिया।' गौरैया ने बताया।

'पर उन्होंने ऐसा क्यों किया?' कौए ने पूछा। गौरैया ने वजह बताई, 'वे कह रहे थे कि मैं जहां कहीं उड़ती दिखूंगी तो वे मुझे पहचान लेंगे।' गौरैया अपनी कहानी बताकर चली गई। तभी दो कबूतर उड़कर उधर आ बैठे। उनमें एक के माथे पर नीला और दूसरे के लाल रंग का धब्बा लगा हुआ था। 'क्या तुम्हें भी शरारती बच्चों ने पकड़ लिया था?' कौए ने उत्सुकता से पूछा।

'नहीं तो..!' दोनों कबूतर एक साथ बोले। 'तो फिर तुम्हारे माथे पर रंग कैसे लगा हुआ है?' कौए ने जानना चाहा।

'यह तो हमारे मालिक ने लगाया है ताकि वे हमें पहचान सकें।' लाल धब्बे वाले कबूतर ने दुख के साथ बताया।

'हम दोनों पक्के दोस्त हैं, लेकिन बड़ी मुश्किल से मिल पाते हैं। हम दोनों के मालिक अलग-अलग हैं। वे हमें मिलने ही नहीं देते।' नीले धब्बे वाले कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए कहा। 'चलो, अब अपने दड़बे में वापस लौटने का समय हो गया है। वर्ना हमारे मालिक हमें ढूंढ़ते हुए यहां भी आ पहुंचेंगे।' यह कहते हुए दोनों कबूतर अपने पंखों से 'सन-सन-सन' आवाजें निकालते हुए वापस चले गए। कबूतरों के जाते ही एक बगुला हांफता हुआ उधर आ गया। उसके पंखों पर कीचड़ और काई जमी हुई थी।

कौए ने पूछा, 'बगुले भाई, तुम्हारे पंख कैसे गंदे हो गए?' बगुला उबासी लेता हुआ बोला, 'मैं दिन भर काई भरे कीचड़-पानी में रहता हूं। बिना हिले-डुले चुपचाप खड़े रहने से पंखों पर गंदगी चढ़ जाती है। इसीलिए मेरे पंख गंदे रहते हैं।' 'लेकिन पानी से धोने पर ये साफ भी तो हो सकते हैं।' कौए ने कहा।

'हां, पर कीचड़ में घुसने पर फिर लग जाती है। इसलिए मैं इसे साफ करने की तरफ ध्यान ही नहीं देता।' कहकर बगुला धीमे से हंसा और वहां से चला गया। कुछ ही देर में वहां सतभैये आकर चहचहाने लगे। कौए ने ध्यान से देखा तो एक का रंग बिल्कुल पीला हो रहा था। कौए ने सोचा शायद वह इन सबका लीडर होगा। लेकिन जब कौए ने पूछा तो उसने बताया, 'एक बार हम लोग एक घर के आंगन में उछल-कूद मचा रहे थे। आंगन में खाने-पीने की चीजें सूखने को रखी थीं। हल्दी का पावडर भी रखा था। अचानक एक बिल्ली हम पर झपट पड़ी। बिल्ली का हमला देखकर सब तो भाग लिए पर मैं हड़बड़ी में हल्दी के टोकरे में जा गिरा। वह दिन है और आज का दिन, पंखों से यह रंग उतरता ही नहीं।'

उसकी बात पर चहचहा रहे सतभैये चुप हो गए। फिर उनमें से एक ने कौए के पंखों की ओर देखते हुए कहा, 'लेकिन तुम्हारे पंखों का रंग सबसे अच्छा है। काले रंग पर कोई दूसरा रंग चढ़ ही नहीं सकता।' 'हां, मुझे अपना काला रंग पसंद है।' कौए ने कहा और खुशी से अपने पंख फैला दिए। उसके पंखों पर सुनहरी धूप चमकने लगी। *

कविता
सुरेंद्र विक्रम



## बसंत के दिन आए...

सूरज प्रतिदिन नियम बनाकर
उगता है फिर ढल जाता है।
चंदा तारों के संग मिलकर
आसमान को दमकाता है।
सूरज की किरणें आती हैं
पत्ती-पत्ती खिल जाती है।
चंदा की किरणों से मिलकर
खड़ी कुमुदिनी मुस्काती है।
मौसम बदला, सूरज मचला
बड़ी-बड़ी बांहें फैलाए।
छू-मंतर हैं जाड़े के दिन
अब बसंत के दिन आए।
पीली सरसों फूली हुई हैं
पीली हुईं दिशाएं सब।
नया बौर आमों में आया
भौंरे गुन-गुन गाएं अब।
फूला-फूला 'तीसी' का मन
चना-मटर की बजीं तालियां।
मस्त-मगन हो झूम रही हैं
गेहूं की सब हरी बालियां।
दूर-दूर तक खुले खेत में
हवा नाचती छम-छम-छम।
सोंधी-सोंधी खुशबू फैली
जिसमें डूब गए हैं हम।

## रंग भरो-171

**रंग भरो-171** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी


हिताक्षी, महेंद्रगढ़


सौम्य, बालोद


तक्षित, बिलासपुर


कुंजल, कोरबा


बेबी, मटियारी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

आस्तिका-चांपा, आलोक-दुर्ग, भावना-भिवानी, डॉली-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितिका-बिलासपुर, समृद्धि-चांपा, वेदिका-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, अमन-बिलासपुर, स्वीटी-कोरबा

## रंग भरो 172

बच्चो, यहां जंगल में मस्ती करते कुछ एनिमल्स का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-
संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



नई दिल्ली
शुक्रवार, 21 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 28, अंक : 340
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32
न्यून. 16

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स का अनुमान

# 2025 में भारत की जीडीपी 6.7% की दर से बढ़ेगी




एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 2025 में भारत की जीडीपी 6.7% की दर से बढ़ेगी और यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेज बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी। रेटिंग एजेंसी ने यह भी कहा कि भारत का यूएस के प्रति कम एक्सपोजर होने के चलते टैरिफ का असर कम होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि हमारी रेटिंग वाली अधिकांश भारतीय कंपनियों की आय में धीमापन आ सकता है, लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### केमिकल सेक्टर में रिकवरी रहेगी जारी

*रिपोर्ट में बताया गया कि 2024 में गिरावट के बाद केमिकल सेक्टर में रिकवरी जारी रहेगी। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार इस साल ज्यादातर भारतीय कंपनियां फंडिंग के लिए ऑनशोर चैनल का इस्तेमाल करेंगी। इसकी वजह घरेलू बाजारों में कम लागत होना है। ऑफशोर चैनल में डॉलर बॉन्ड एक अच्छा विकल्प होगा, लेकिन कंपनियां इसका उपयोग सिलेक्टिवली करेंगी।*

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा मंत्रालय में हुई डीएसी की यह महत्वपूर्ण बैठक

# डीएसी ने दी सशस्त्र सेनाओं के 54 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की सीमा से बढ़ते सुरक्षा खतरे के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को रक्षा मंत्रालय में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें एक ओर सशस्त्र सेनाओं से जुड़े हुए 54 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी प्रदान की गई। तो दूसरी ओर पूंजीगत खरीद प्रक्रिया के विभिन्न चरणों के दौरान समय-सीमा को कम करने वाले दिशानिर्देशों को स्वीकृति मिली। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि डीएसी द्वारा स्वीकृत किए गए 54 हजार करोड़ रुपए के यह कुल 8 रक्षा प्रस्ताव हैं। जिनके लिए परिषद ने खरीद से जुड़ी हुई आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) दी है। वहीं, समय-सीमा को कम करने वाले दिशानिर्देश रक्षा मंत्रालय के मौजूदा वर्ष-2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित करने के संदर्भ में लिया गया डीएसी का निर्णय है। जिससे आने वाले समय में पूंजीगत खरीद प्रक्रिया में तेजी आएगी। साथ ही वह और अधिक प्रभावी और सक्षम हो सकेगी। परिषद की बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा मंत्रालय और सभी सशस्त्र सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।


फाइल फोटो

## सेना को मिलेंगे टी-90 टैंक के इंजन

मंत्रालय ने बताया कि उक्त 8 रक्षा सौदों में से भारतीय सेना के लिए जो एओएन दिया गया है। उसके जरिए 1 हजार 350 एचपी इंजनों की खरीद की जाएगी। साथ ही रूसी मूल के टी-90 में प्रयोग किए जाने वाले मौजूदा 1 हजार एचपी इंजनों को उन्नत भी किया जाएगा। इंजन की खरीद से सेना के इस मारक टैंक की खासतौर पर सुदूर ऊंचाई वाले इलाकों में भार की तुलना में युद्धक गतिशीलता में काफी इजाफा देखने को मिलेगा।

### वायुसेना के लिए होगी अवॉक्स की खरीद

बैठक में वायुसेना के लिए 'एयरबॉर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट सिस्टम' (अवॉक्स) की खरीद की स्वीकृति दी गई है। इस सिस्टम से न केवल युद्ध का पूरा परिदृश्य बदल सकता है। बल्कि बल के अन्य हथियार सिस्टम की युद्धक और रणनीतिक क्षमता में भी गजब की बढ़ोतरी संभव है।

### नौसेना के लिए कम होगा पनडुब्बी खतरा

*नौसेना के लिए परिषद ने अपनी बैठक में वरुणास्त्र टारपीडो (काम्बेट) की खरीद के लिए एओएन की मंजूरी दी है। इस टारपीडो को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की आंध्र-प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित नौसेना विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एनएसटीएल) ने स्वदेशी रूप से विकसित किया है। नौसेना के जंगी युद्धपोत से इस टारपीडो को दागकर दुश्मन की पनडुब्बी को निशाना बनाने के लिए प्रयोग किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि नौसेना के युद्धपोतों के लिए की जाने वाली टारपीडो की अतिरिक्त खरीद से दुश्मन के पनडुब्बी खतरों के खिलाफ आसानी से दो-दो हाथ किए जा सकेंगे।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 1 अप्रैल से बदल जाएगा फास्टैग का नियम



**नई दिल्ली।** फास्टैग के नियमों में बदलाव होने जा रहा है। लेकिन ये बदलाव महाराष्ट्र के यूजर्स के लिए है। अब सभी टोल प्लाजा पर फास्टैग को अनिवार्य कर दिया गया है। टोल प्लाजा के इन नियमों अपडेट भी देखने को मिल है जो वाहन चालकों पर सीधा असर डालेगा। 1 अप्रैल 2025 से सभी टोल प्लाजा पर ये अनिवार्य कर दिया जाएगा।

### 1 अप्रैल से लागू हो रही नई पेंशन स्कीम



**नई दिल्ली।** यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) एक नई केंद्रीय पेंशन योजना है जिसका ऐलान पिछले साल (2024) में मोदी सरकार ने किया था। 1 अप्रैल 2025 से शुरू होने वाली इस योजना का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को एक निश्चित पेंशन सुरक्षा देना है। एनपीएस के तहत यह योजना केंद्र के कर्मचारियों के लिए है।

### गेंद पर लार के उपयोग से प्रतिबंध हटाया



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने गुरुवार को आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में गेंद पर लार के इस्तेमाल पर प्रतिबंध हटा दिया। बोर्ड ने यह फैसला 10 टीमों के कप्तानों की सहमति के बाद लिया। आईसीसी ने कोरोना के दौरान गेंद को चमकाने के लिए उस पर लार लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईपीएल ने भी प्रतिबंध जारी रखा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक में लिया गया यह अहम निर्णय

# सीसीएस ने दी सेना के लिए 7 हजार करोड़ रुपए के स्वदेशी तोप सौदे को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक हालिया बैठक में भारतीय सेना के लिए स्वदेशी तोपों (उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, एटीएजीएस) की खरीद से जुड़े हुए 7 हजार करोड़ रुपए के एक बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी प्रदान की गई है। जो इन स्वदेशी होवित्जर जैसी तोपों के देश के अंदर निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

समझौते के तहत कुल 507 तोपों की उन्हें उठाने वाले वाहनों के साथ सेना के लिए खरीद की जाएगी। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्रालय की रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इससे जुड़े हुए समझौते को करीब दो साल पहले ही अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी थी। मूल रूप से यह 155 एमएम आर्टिलरी गन सिस्टम है। जिसकी मदद से सेना की रणनीतिक और अभियानगत क्षमता में काफी इजाफा होगा। इनके सेना में युद्धक बेड़े में शामिल होने के बाद न केवल उसका आधुनिकीकरण होगा। बल्कि यह पहले से प्रयोग की जा रही और काफी पुरानी हो चुकी 105 और 130 एमएम की तोपों की जगह भी ले सकेंगी। तोप के मुख्य आकर्षक बिंदुओं में इसका 52 कैलिबर लंबा बैरल शामिल है। जो इसे बढ़ी हुई मारक क्षमता के साथ 45 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम बनाता है।


फाइल फोटो

### पाक, चीन सीमा पर होगी तैनाती

सूत्रों ने बताया कि इन तोपों की तैनाती भारत की पाकिस्तान से लगी हुई पश्चिमी सीमा और चीन से लगी हुई उत्तरी सीमा पर की जाएगी। एक बार तोपों की आवक के साथ ही सेना को उक्त दोनों निकट पड़ोसी दुश्मन देशों के ऊपर सामरिक बढ़त हासिल होगी। साथ ही इससे उसकी रणनीतिक तैयारी और हमला करने की क्षमता को भी बल मिलेगा। तोप का कैलिबर बढ़ने से उसका लचीलापन बढ़ेगा और हमला करने के दौरान उचित मात्रा में विस्फोटक ले जाना भी आसान हो जाएगा। जिससे एक बार दुश्मन पर वार के साथ ही उसका पूरा काम तमाम हो जाएगा। सीसीएस द्वारा दी गई यह मंजूरी भारत की रक्षा क्षेत्र में बढ़ती हुई विनिर्माण और तकनीकी उन्नति को प्रदर्शित करती है।

### मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा

सूत्रों ने कहा कि यह समझौता केंद्र के मेक इन इंडिया अभियान को मजबूती प्रदान करेगा। इस तोप का विकास रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय निजी उद्योग के भागीदारों ने मिलकर किया है। इसमें लगाए जाने वाले करीब 65 फीसदी उपकरण घरेलू उद्योगों से लिए गए हैं। जिसमें तोप की बैरल, मजल ब्रेक, ब्रीच मैकेनिज्म, फायरिंग, रिकॉइल सिस्टम और एम्युनिशन हैंडलिंग तंत्र मुख्य रूप से शामिल है। एटीएजीएस का उत्पादन देश में कलपुर्जों की एक व्यापक सप्लाई चेन और मरम्मत का निर्बाध सिस्टम निर्मित करेगा। यह भारत का घरेलू आधार पर विकसित किया गया सिस्टम है। जिससे लंबी अवधि में उत्पाद सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही विदेशी निर्भरता भी घटेगी। तोप में लगाए जाने वाले जटिल उपकरणों जैसे नेविगेशन सिस्टम, मजल वेलोसिटी रडार, सेंसर को स्वदेशी रूप से डिजाइन के साथ खरीदा जाएगा। जिससे भारत की विदेशों पर आयात निर्भरता में कमी आएगी। तोप के देश में उत्पादन के साथ ही वैश्विक एक्सपोर्ट बाजार में भी भारत की स्थिति काफी मजबूत हो जाएगी और भविष्य में निर्यात का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

नारों लिखी टी-शर्ट पहनकर आए द्रमुक सांसदों का हंगामा, दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित की गई कार्यवाही

# परिसीमन के मुद्दे पर द्रमुक के हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा की कार्यवाही



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन के मुद्दे पर गुरुवार को लोकसभा में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के सांसदों ने जमकर हंगामा किया। जिसकी वजह से सदन में कोई विधायी कामकाज नहीं हो सका और दो बार के स्थगन के बाद कार्यवाही को शुक्रवार, 21 मार्च की सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दिया गया।

लोकसभा में हंगामे की शुरुआत सुबह 11 बजे कार्यवाही के आगाज के साथ उस वक्त हुई। जब परिसीमन (डिलिमिटेशन) शब्द के साथ 'तमिलनाडु विल फाइट', 'तमिलनाडु विल विन' जैसे नारों वाली टी-शर्ट पहनकर सदन में पहुंचे द्रमुक सांसदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जिस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन के अंदर किसी मुद्दे पर विरोध जताने के लिए इस तरह की टी-शर्ट पहनकर आने की अनुमति नहीं है। इसका पार्टी सांसदों पर कोई असर नहीं हुआ और उनका हंगामा जारी रहा। जिसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही को करीब 11 बजकर 5 मिनट से लेकर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। सदन के अंदर हंगामे के बीच द्रमुक को हालांकि कांग्रेस या किसी अन्य विपक्षी राजनीतिक दल का साथ नहीं मिला। न ही किसी ने विरोध वाली यह टी-शर्ट पहनी थी। वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले द्रमुक के सांसदों ने इस मुद्दे पर संसद भवन परिसर में भी सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया था।

### सभापति ने दिलाई नियम-249 की याद

एक बार के स्थगन के बाद भी सदन में हालात नहीं बदले और द्रमुक सांसदों का हंगामा जस का तस जारी रहा। जिस पर पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तन्नेटी ने कार्यवाही को 12 बजकर 2 मिनट से लेकर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। दोपहर 2 बजे भी द्रमुक सांसदों का हंगामा पहले की तरह चलता रहा और सभापति तन्नेटी ने उन्हें लोकसभा की ▶▶ शेष पेज 5 पर

बीजापुर और कांकेर में दो अलग-अलग मुठभेड़

# 30 नक्सली ढेर किए, ऑटोमेटिक हथियार और गोला-बारूद बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर


■ हिडमा की तलाश में 125 से ज्यादा गांवों की मैपिंग

छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर जिले में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई है। अलग-अलग मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए। वहीं, बीजापुर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक जवान बलिदान हो गया है। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गए हैं। वहीं, दूसरी और कांकेर में जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें चार नक्सली मारे गए। सभी 30 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं। बीजापुर और दंतेवाड़ा की सीमा के पास थाना गंगालुर क्षेत्रान्तर्गत माओवादी विरोधी अभियान पर संयुक्त टीम निकली थी। अभियान के दौरान गुरुवार सुबह 7 बजे से माओवादियों और सुरक्षाबलों ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

# सैटेलाइट आधारित टोल के लिए करना होगा अभी थोड़ा इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


■ सुरक्षा और निजता की चिंताएं बड़ा कारण

हाईवे पर सैटेलाइट आधारित टोल प्रणाली के लिए अभी इंतजार करना होगा। इससे संबंधित नीति बनाने के लिए बनी समिति ने सुरक्षा और निजता की चिंताओं के कारण और अधिक विचार-विमर्श की जरूरत जताई है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि सैटेलाइट आधारित टोल के लिए ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकॉगनिशन (एएनपीआर) फास्टैग सिस्टम पर काम किया जा रहा है। यह प्रणाली कॉरिडोर (खंड) परियोजनाओं पर काम करेगी। उद्योग और अकादमिक जगत के विशेषज्ञों वाली समिति ने लोगों की सुरक्षा और निजता के उल्लंघन तथा समग्र रूप से इस प्रणाली के संचालन को लेकर कुछ चिंताओं पर गौर किया है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

कहा-किसान नेता डल्लेवाल और अन्य को हिरासत में लेने की कांग्रेस करती है निंदा

# पंजाब सरकार के साथ मिलकर किसान आंदोलन को खत्म करना चाहता है केंद्रः सांसद सैलजा

*सरसों की सरकारी खरीद में देरी से किसान अपनी फसल को औने-पौने दामों पर बेचने को हुआ मजबूर*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों के संकट को दूर करने की जगह उनके साथ धोखा किया जा रहा है। केंद्र सरकार पंजाब सरकार के साथ मिलकर किसानों को अलग कर जबरन उनके आंदोलन को खत्म करना चाहती है। आम आदमी पार्टी कल तक किसान आंदोलन की हिमायती बनी हुई थी और अब पंजाब में किसान आंदोलन को खत्म करने के लिए बड़ी कार्रवई करते हुए तमाम बड़े किसान नेताओं को पकड़ लिया गया। कांग्रेस पंजाब सरकार की इस कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करती हैं। साथ ही कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार के कुप्रबंधन और लापरवाही से मंडी में किसान परेशान हैं। सरसों की सरकारी खरीद में देरी से किसान मजबूरी में अपनी फसल बिचौलियों को औने-पौने दामों पर बेचने को मजबूर हैं।

**आप पार्टी ने किसानों को दिया बड़ा धोखा :** मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले केंद्र सरकार ही किसानों के साथ धोखा करती आ रही थी अब तो पंजाब की आम आदमी पार्टी ▶▶ शेष पेज 5 पर

दिशा सालियान डेथ केस में घमासान

ठाकरे ने कहा-कोर्ट में ही जवाब दूंगा

# आदित्य ठाकरे पर एफआईआर की मांग, पिता की हाईकोर्ट से गुहार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने दिशा की मौत की नए सिरे से जांच की मांग की है। इसके लिए उन्होंने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

याचिका में शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया गया है। आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई थी। इधर, आदित्य ठाकरे ने कहा कि मैं कोर्ट में ही जवाब दूंगा। दिशा सालियान 8 जून, 2020 को मलाड में एक रिहायशी इमारत की 14वीं मंजिल से गिरकर मृत पाई गई थीं। उस समय मुंबई पुलिस ने इसे एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट के रूप में दर्ज किया था। कुछ ही दिनों बाद, 14 जून, 2020 को सुशांत सिंह राजपूत अपने बांद्रा अपार्टमेंट में मृत पाए गए।



जबकि शहर की पुलिस ने शुरू में इसे आत्महत्या बताया था, बाद में मामला सीबीआई को सौंप दिया गया। कैबिनेट मंत्री नितेश राणे ने कहा कि आदित्य ठाकरे को विधायक पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और जांच का सामना करना चाहिए।

बिहार के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर टल सकता है विधेयक

# वक्फ संशोधन विधेयक ईद के बाद दिख सकता है सदन में 'चांद' की तरह, साथी दलों को 'साथ लेने की जुगत' में लगी है मोदी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

तो क्या एकबार फिर वक्फ संशोधन विधेयक को संसदीय सत्र में टाला जाएगा? सत्ता प्रतिष्ठान से जुड़े सूत्र तो इस ओर इशारा कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ना चाहती है।

वक्फ विधेयक लाने पर बिहार के सियासी समीकरणों का गुणाभाग किया जा रहा है। भाजपा के साथी दल जदयू वक्फ विधेयक पर अपनी स्थिति कभी हां तो कभी ना वाली कर रखी है। बिहार के ही अन्य साथी दल केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवाल की पार्टी लोकजनशक्ति पार्टी में वक्फ विधेयक को लेकर विरोधाभास है। सूत्रों ने कहा कि बिहार के साथी दलों ने दबाव बनाया तो सूबे की विधानसभा चुनाव तक विधेयक को टाला जाएगा। और अगर भाजपा को विधेयक से संभावित ध्रुवीकरण से सियासी फायदा होता दिखा तो साथी दलों को मनाकर विधेयक इसी सत्र में सदन पटल पर रख दिया जाएगा। जाहिर है परदे के पीछे संगठन और सरकार के स्तर पर साथी दलों को इस मसले पर पूरी तरह भरोसे में लेने की कवायद जारी है। ये बात अलग है कि साथी दलों के जनप्रतिनिधि वक्फ संशोधन विधेयक को आकार देने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मैराथन बैठकों का हिस्सा रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर




### मुस्लिम संगठनों का विरोध प्रदर्शन जारी, बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी

*वक्फ विधेयक के खिलाफ मुस्लिम तंजी में विरोध रही हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड से लेकर जमियत उलेमा-ए-हिंद और जमात-ए-इस्लामी सहित तमाम मुस्लिम संगठनों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर अपने तेवर दिखा रहे हैं। मिल्ली तंजीमों ने किसान आंदोलन की तरह वक्फ बिल के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की चेतावनी सरकार को दी है। सूत्रों का मानना है कि हिंदू वोटरों के ध्रुवीकरण में ऐसे विरोध कितना काम कर पा रही हैं इसकी गणना चालू है। बिहार, तमिलनाडु और पुडुचेरी चुनाव का गुणा गणित भी बिठाया जा रहा है। साथ ही ये भी तय किया जा रहा है कि सीएए की तरह इस विधेयक के खिलाफ कोई राजनीतिक बवंडर न उठने पाये।*

## महापौर व नगर आयुक्त ने खुद खड़े होकर अपने सामने कराई कार्रवाई

# विजय नगर में एक साथ गरजे नगर निगम के दस बुलडोजर पूर्व पार्षद से मुक्त कराई 35 करोड़ की भूमि, अब बनेगा स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम के 10 बुलडोजर गुरुवार को एक साथ विजयनगर में गोंडा खेड़ा के पास चले इस दौरान महापौर सुनीता दयाल और नगर आए विक्रमादित्य मलिक ने खुद खड़े होकर और पार्षद महादेव यादव के कब्जे से सवा एकड़ भूमि कब्जे से मुक्त कराई बाजार में इस भूमि की कीमत करीब 35 करोड़ रुपए है। उन्होंने ऐलान किया है कि इस भूमि पर बालिकाओं के लिए विद्यालय बनाया जाएगा इसके लिए महापौर के साथ सहमति भी बन चुकी है। इस भूमि पर पूर्व पार्षद ने प्लाटिंग कर दी थी और उस पर स्थगन आदेश ले रखा था। नगर निगम ने इस स्थगन आदेश को तुड़वाकर गुरुवार को कब्जा ले लिया। महापौर एवं नगर आयुक्त ने सभी अधिकारियों के साथ रात को ही प्लानिंग कर गुरुवार सुबह 9:30 बजे से 4 बजे तक कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई। जिसमें 10 बुलडोजर तथा 10 डंपर को लगाया गया और भूमि खाली कराकर साथ के साथ तार फेंसिंग की कार्रवाई भी की गई।

*भूमि पर बनाया जाएगा बालिकाओं के लिए विद्यालय*

*भूमि को कब्जा मुक्त कराने के साथ वहां तार फेंसिंग की गई*



### जल्द ही नंदग्राम में भी गरजेगा नगर निगम का बुलडोजर

इस दौरान महापौर ने कहा कि ननि क्षेत्र में नगर निगम की एक इंच भूमि भी नही कब्जाने दी जाएगी, बल्कि गाजियाबाद को भूमाफियाओं मुक्त कराने की कार्रवाई भी जाएगी। सुदामापुरी में बुलडोजर गरजा है तो जल्द ही नंदग्राम में भी गरजेगा। सुदामापुरी की भूमि पर बालिकाओं के लिए 12वीं तक का विद्यालय भी बनाया जाएगा। जिसके लिए कार्यवाही भी शुरू कर दी गयी है। जिसमे नगर आयुक्त ने भी सहमति से साथ अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त अरुण यादव,सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह,सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, ए सी पी कल्पना पांडेय, सिटी जोनल प्रभारी महेंद्र असिंह,अधिशासी अभियंता मिश्रा, कर्नल दीपक सहित पुलिस बल मौजूद रहा ।

## टैक्स बकाया मामला बल्लभगढ़ में 8 यूनिट सील

**फरीदाबाद।** नगर निगम द्वारा बल्लभगढ़ जोन में गुरुवार को लगभग 8 संपत्तियों को सील किया गया है इनमें ऊपर लगभग 18 लाख रुपए का टैक्स बकाया था। सीलिंग कार्यवाही के दौरान एक चलती हुई वर्कशॉप और दुकानों को सील किया गया। नगर निगम द्वारा बकाया प्रॉपर्टी टैक्स मालिकों पर कार्यवाही लगातार जारी है और इस मामले में बल्लभगढ़ जोन में करीब 8 प्रॉपर्टी यूनिटों को सील किया गया है।

निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के आदेशों पर एडिशनल कमिश्नर स्वनिल रविन्द्र पाटिल के मार्गदर्शन में बल्लभगढ़ जोन की जेड़टीओ दीपा की टीम ने बल्लभगढ़ के अलग-अलग जगहों पर ये कार्यवाही की है। नगर निगम का करोड़ों रुपए का टैक्स प्रॉपर्टी मालिकों पर बकाया है जिसे वसूल करने के लिए सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है।

जेडटीओ दीपा ने बताया कि बल्लभगढ़ में प्रॉपर्टी टैक्स के बकायादारों को नोटिस दे दिए गए थे, लेकिन उन्होंने समय पर टैक्स जमा नहीं कराया इसलिए यह कार्रवाई शुरू कर दी गई है और आगे भी जारी रहेगी उन्होंने बताया कि नगर निगम को प्राप्त होने वाला टैक्स शहर के विकास में लगाया जाता है उन्होंने लोगों से अपील की है कि सभी अपना टैक्स समय पर नगर निगम में जमा कराए।

केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर ने जिला अध्यक्ष रामपाल का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दी

# अपनी सहजता, सरलता तथा निष्ठा से पार्टी संगठन को और मजबूत करेंगे: कृष्णपाल

**रामपाल ने केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर का लिया आशीर्वाद, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया**

**भाजपा एकमात्र पार्टी जिसमें कार्यकर्ता को मिलता है पूरा मान-सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के लिए पंकज रामपाल का जिला अध्यक्ष निर्वाचित होना बड़े सम्मान एवं सौभाग्य की बात हैं। पंकज रामपाल ने हमेशा से एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका अदा की है। इससे ज्यादा अच्छी बात कोई हो नहीं सकती कि पार्टी संगठन ने एक समर्पित कार्यकर्ता को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी की अमूल्य पूंजी हैं और पार्टी के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान मिलता हैं और एक बूथ का कार्यकर्ता भी पार्टी संगठन में शीर्ष दायित्व पर जा सकता है। पंकज रामपाल पार्टी संगठन के एक कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और अपनी मेहनत और सामर्थ्य के दम पर भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष बने हैं। उन्हें पूर्ण विश्वास है पंकज रामपाल जिला अध्यक्ष के रूप में सबको साथ लेकर चलेंगे और अपनी सहजता और निष्ठा व सरलता से पार्टी संगठन को और मजबूत करेंगे। पार्टी पंकज रामपाल के नेतृत्व में और अधिक बुलंदियों पर पहुंचेगी।

मंत्री गुर्जर ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता पंकज रामपाल के नेतृत्व में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ संगठन के कार्यों का निर्वहन करेंगे और पार्टी संगठन को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने पंकज रामपाल का मुंह मीठा कराकर नव दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और अपनी नियुक्ति पर उनका मुंह मीठा कराते हुए आभार जताया और आर्शीवाद लिया।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पंकज रामपाल ने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर जताया है, मैं जिला अध्यक्ष के इस दायित्व को पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाऊंगा। फरीदाबाद जिले में भाजपा की विचारधारा और संगठन को मजबूत करना मेरा पहला संकल्प है। भाजपा सिर्फ राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र निर्माण और विकास के लिए समर्पित है। रामपाल ने कहा कि पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने और केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जनता तक ले जाने का काम तेजी से किया जाएगा और पार्टी संगठन को मजबूत करके मेहनती व कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ने का काम करेंगे। रामपाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश नेतृत्व, शीर्ष नेतृत्व और अपने जिले के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष शोभित अरोड़ा, दिनेश गुप्ता, सुनील कुमार, मनीष गोसाईं, प्रहलाद शर्मा उपस्थित रहे।

# महारानी अवंती बाई लोधी का 168वां बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

लोधी राजपूत जनकल्याण समिति (रजि) फरीदाबाद द्वारा अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी जी का 168वां बलिदान दिवस समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर उदयचंद शास्त्री ने की। मुख्य अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं नवनिर्वाचित पार्षद भगवान सिंह, पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना, सचिन तंवर, श्रीमती मनीषा चौधरी, स्वामी वीरभद्र, सुमित रावत, नन्दकिशोर लोधी, लाखनसिंह लोधी, रूपसिंह लोधी, धर्मपाल सिंह लोधी, अर्जुन सिंह लोधी, अजबसिंह लोधी, उदयचन्द द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। सभी



उपस्थित अतिथियों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया।

इस अवसर पर समिति के संस्थापक व महासचिव लाखनसिंह लोधी ने अवंतीबाई लोधी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्यप्रदेश के जबलपुर के पास मनकेड़ी के जमींदार राव जुझार सिंह लोधी परिवार में हुआ था, बचपन से ही शस्त्रों से लगाव था। इनका विवाह रामगढ़ के युवराज विक्रमादित्य के साथ हुआ जिनकी दो संतानें अमान सिंह और शेरसिंह थे। 1857 स्वतंत्रता संग्राम की पहली नायिका जिन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया, एफआरआर रैडमैन द्वारा 1912 में संपादित मण्डला गजेटियर में इनकी वीरता की गौरवगाथा अंकित है। 15 जनवरी 1858 के युद्ध में रानी के पलटवार से कैप्टन वाडिंग्टन तो अपनी जान बचाकर भाग गया परन्तु वाडिंग्टन का बेटा रोमियो नामक बालक मैदान में रह गया जिसे सहृदयता रानी ने अंग्रेजी कैम्प में अपने सैनिकों से भिजवा दिया, वाडिंग्टन ने प्रभावित होकर रानी को पत्र लिखा कि आप बगावत छोड़ दें तो सरकार की ओर से आपका राज्य सुरक्षित रहेगा। रानी के मना करने पर वाडिंग्टन ने हमले किये जिस कारण रानी के कुशल नेतृत्व में कई युद्ध हुए। पुनः वाडिंग्टन ने 20 मार्च 1858 को लैफ्टिनेंट वार्टन एवं लैफ्टिनेंट कॉकवर्न और रीवा नरेश के साथ मिलकर हमला किया ।

## पति-पत्नी के विवाद में मायके वालों ने दामाद को जमकर पीटा

**फरीदाबाद।** थाना पल्ला इलाके में पति को पत्नी से विवाद भारी पड़ गए। महिला के मायके वालों ने उसके घर आकर दामाद को बुरी तरह से पीटा और इसके बाद उसे घसीटते हुए गाड़ी में डालकर ले गए। दामाद के अपहरण का मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सूचना के बाद पुलिस हरकत में आई और व्यक्ति को दिल्ली के बिजवासन से मुक्त कराया। चोटें लगी होने के कारण उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति राधेश्याम ने बताया कि वे दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। उन्होंने 2021 में अपने बेटे संतोष की शादी बिजवासन निवासी नीलम से की थी। शादी के बाद से ही नीलम का परिवार के साथ विवाद रहता था। करीब ढाई साल पहले नीलम ने संतोष की मां और बहन के साथ मारपीट की थी। इस घटना का मेडिकल और पुलिस केस भी दर्ज हुआ था। उसने बताया कि उसका बेटा संतोष, पत्नी नीलम और दो बच्चों के साथ फरीदाबाद के पल्ला इलाके में रहने लगा। वह फलों की रेहड़ी लगाकर अपना घर चला रहा था।


### अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्तयों **(1) जाहिद पुत्र शेख शोहावत पताः ई–44/बी–101, एफ–ब्लॉक, झुग्गी दिलशाद कॉलोनी, झिलमिल, दिल्ली (2) अनसर पुत्र निसार पताः ई–44/ए 105, न्यू सीमा पुरी, दिल्ली ने एफआईआर नं. 295/2018 धारा 380/457/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) जाहिद (2) अनसर** मिल नहीं रहे है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) जाहिद (2) अनसर** फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर नं. 295/2018 धारा 380/457/411/34 भा.द.स. के तहत थाना जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के उक्त (1) जाहिद (2) अनसर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**संघमित्रा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा नं.54, द्वितीय तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/3178/SHD/2025

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ यश**, पुत्र : श्री दिनेश कुमार, **पताः** मकान नं. – प्रथम तल, एम–ब्लॉक, बुध विहार रोड, रोहिणी, सैक्टर–4, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No.115/2019, थानाः करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ यश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ यश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No.115/2019, थानाः करोल बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक उर्फ यश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री शिप्रा धनकर**
**न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–01 (केन्द्रीय)**
**कमरा नं. 180, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3431/CD/2025**
**(Court Matter)**

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद | जीएसएसएस समसपुर जिला चरखी दादरी में सीढ़ियों सहित 10 एकड़ के निर्माण हेतु डीएनआईटी + 13 कार्य। | 18.03.2025 01.04.2025 | 23.60 CRORES | www.hsspp.in | 9041397095 cwbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2025/40/33088/I/88/7 दि. 20.03.25

### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में किनाना से बरारखेड़ा से बुवाना तक खरैंटी से केरला जामोला (टीआर-13) सड़क का आवधिक नवीकरण (पीएमजीएसवाई-II योजना के तहत)। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 295.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम के सेक्टर-14 के राजकीय महिला महाविद्यालय की चारदिवारी का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 24.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुड़गांव जिले में गांव बलुदा में उपचिकित्सा केन्द्र का नवीकरण। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 3.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में वर्ष 2024-25 हेतु प्रांतीय मंडल नं. 1 पीडब्ल्यूडी बी और आर के तहत प्रांतीय उपमंडल, पीडब्ल्यूडी बंदर शाखा सोहना हेतु सामग्री को अग्रिम रूप से इकट्ठा करना (सोहना स्टोर में डम्प किया हुआ)। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 4.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिविल हॉस्पीटल सिरसा के परिसर में टीबी अस्पताल (ब्लॉक) हेतु एस/आर आकलन। | बंद होने की तिथि 28.03.2025 | 14.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991260999 pwd-eepd1-sirsa@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में 2 अदद सड़कों का डब्ल्यूबीएम और 50 मिमी बीएम प्लस 20 मिमी पीसी के साथ मजबूतीकरण (1) सरीफाबाद से रसुलपुर कलां सड़क (रोड आईडी 8860) आरडी 0 से 1840 तक (2) सुबरी से रसुलपुर कलां सड़क (रोड आईडी 8863) आरडी 0 से 1778 (ओडीआर पर) घरौंडा विधानसभा क्षेत्र करनाल में (कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत) + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.04.2025 | 559.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुंजपुरा से नलवी कलां रोड (रोड आईडी 7228) पर सीवर लाइन बिछाने हेतु बनाये गये रोड कट का रिस्टोरेशन कार्य + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.03.2025 | 36.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प यमुनानगर | जिला यमुनानगर में 81.90 कि.मी. पर कलानौर से कैल रोड पर आरओबी के नीचे अंडरपास का निर्माण। | 19.03.2025 29.03.2025 | 106.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01732-237834 pwd-eepd-yamunanagar@hry.nic. |
| 9 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले के इन्द्री विधानसभा क्षेत्र में 2 अदद सड़कों (1) चांद समंद से बिरमाजरी सड़क का डब्ल्यूबीएम और 50 मिमी बीएम और 20 मिमी पीसी और सीसीबी रिलेइंग द्वारा चौड़ाकरण और मजबूतीकरण रोड आईडी 8850 लम्बाई 1.500 किमी. (2) चांद समंद एपीपी रोड का डब्ल्यूबीएम 50 मिमी बीएम 20 मिमी पीसी और सीसीबी की रिलेइंग (रोड आईडी 7180) लम्बाई 1.700 किमी. को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2024-25 के तहत)। | बंद होने की तिथि 07.04.2025 | 176.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में पुरानी डीएम रोड पर बाल भवन बिल्डिंग की विशेष मरम्मत (बिना जीएसटी)। | बंद होने की तिथि 25.03.2025 | 24.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प नारनौल | महेन्द्रगढ़ जिले में नारनौल से नांगल चौधरी रोड रेलवे ओवर ब्रिज (एलसी-46) पर सड़क का विकास (नारनौल विधानसभा क्षेत्र)। | 19.03.2025 26.03.2025 | 11.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1282251267 pwd-eepd-narnaul@hry.nic.in |
| 12 | बीपीएस राजकीय महिला महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | खानपुर कलां के बीपीएस राजकीय महिला महाविद्यालय (डब्ल्यू) में बरोनोस्कोप अडल्ट और एल्यूमीनियम स्ट्रिप सहित मल्टीपल वॉल शैड हेतु ई-निविदा के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने के सम्बन्ध में (श्रेणी-गुड्स)। | 19.03.2025 03.04.2025 | 16000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9996752925 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ट्रक्स की आपूर्ति, बीएस-VI. | 20.03.2025 18.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | ग्रामीण विकास विभाग हरियाणा के उपयोग हेतु 298 अदद ओपर टिप्पर डम्पर्स की आपूर्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध का प्रबंध। | 20.03.2025 03.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महिला एवं बाल विकास विभाग पंजीरी प्लांट घरौंडा करनाल | वर्ष 2025-26 हेतु एचडीपीई बैग्स के लिए दर अनुबंध। | 19.03.2025 26.03.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwcdgharaunda@yahoo.co.in |
| 16 | महिला एवं बाल विकास विभाग पंजीरी प्लांट घरौंडा करनाल | वर्ष 2025-26 के लिए माइक्रो न्यूटरेंट्स हेतु दर अनुबंध। | 19.03.2025 26.03.2025 | 7.5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwcdgharaunda@yahoo.co.in |
| 17 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | कैनाल कॉलोनी हिसार रोड सिरसा में (क्वार्टर नं. जे-1, जे-3, जे-4, जे-9 और जे-10, जे-12 से जे-15, जे-17, जे-21, जे-24 और जे-26 से जे-29 तक) जे टाइप क्वार्टरों की रिपेंटिंग हेतु आकलन + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 25.03.2025 | 12.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 18 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | गांधरा ड्रेन के आरडी 0 से 51500 तक का आई/सी + 16 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 80.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 19 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | पट्टी वास डिस्टी के आरडी 0 से 13000 तक आंतरिक सफाई। | बंद होने की तिथि 24.03.2025 | 4.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 20 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | बालबेयरिंग 6307 (एसकेएफ, एफएजे मेक) और अन्य 4 मदें। | 20.03.2025 27.03.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8816016044 xenworkshopdadri@gmail.com |
| 21 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | डब्ल्यू.एस. मेक सब डिवीजन जीन्द में मुआना फॉल के गेट और गियरिंग प्रणाली को बदलना और इलैक्ट्रिफिकेशन। | 20.03.2025 27.03.2025 | ईएमडी 75000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 22 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा भिवानी | आरडी 10500 पर पम्प हाउस नं. 1 कैरू की विशेष मरम्मत हेतु आकलन। | 18.03.2025 25.03.2025 | 18.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664242141 xenbwsbhiwani@rediffmail.com |
| 23 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | गांव भागवी में 4 अदद, 5 सीएस वीटी एरियल / मिक्सड फ्लो पाइप 4 अदद 30 एचपी इलैक्ट्रिक मोटर सहित और 4 अदद 30 एचपी एटीएस स्ट्रार्टर सहित 2 अदद 250 एएमपी एमसी सी/एल टी पैनल सहित आरडी 24800 आर और आरडी 24800 एल पर की आपूर्ति स्थापना और कमीशनिंग + 9 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2025 | 630.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 24 | महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज झज्जर | झज्जर में 1. बसों की ब्रुम के साथ सफाई, 2. हरियाणा रोडवेज की बसों की धुलाई की गतिविधियों को किराये पर लेने के लिए ई-निविदा। | 26.03.2025 04.04.2025 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 9812676073 gmhrjjr@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज रोहतक | पुराने डीआरडीए भवन का पुनरोद्धार। | 18.03.2025 01.04.2025 | 5.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 26 | पंचायती राज गन्नौर सोनीपत | गांव घसोली ब्लॉक डिवीजन सोनीपत के शमशान घाट में बरामदे का निर्माण। | बंद होने की तिथि 27.03.2025 | 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.com |
| 27 | जिला परिषद अम्बाला | गांव टोबा ब्लॉक साहा (अम्बाला) में एसएचसी का निर्माण + 3 कार्य। | 18.03.2025 26.03.2025 | 182.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896151661 zpexenambala@gmail.com |
| 28 | जिला परिषद अम्बाला | गांव पिलखनी ब्लॉक साहा (अम्बाला) में एसएचसी का निर्माण। | 18.03.2025 26.03.2025 | 54.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896151661 zpexenambala@gmail.com |
| 29 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव भनकपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद एफएफसी में उप चिकित्सा केन्द्र का निर्माण + 4 कार्य। | 18.03.2025 24.03.2025 | 230.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 30 | पंचायती राज करनाल | 1)खेड़ी सरफली गांव में हैंडपंप की स्थापना 2) लालैन गांव के शमशान घाट में हैंडपंप की स्थापना 3) मर्दान हेड़ी गांव में शमशान घाट में चारदिवारी का निर्माण और हैंडपंप की स्थापना 4) मुंड गांव में शमशान घाट में रास्ते का निर्माण और हैंडपंप की स्थापना 5) न्यू झिंडा गांव में हैंडपंप की स्थापना 6) जिला करनाल असंध ब्लॉक पंघाला ब्लॉक गांव के शमशान घाट में चारदिवारी, रास्ते का निर्माण और हैंडपंप की स्थापना + 4 कार्य। | 19.03.2025 25.03.2025 | 71.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 31 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | सैना सैदन 4515177.79, गांव सैना सैदन ब्लॉक पेहोवा में डेरा प्रीतम सिंह से डेरा जगदीश अहीर यादव तक आईएलपीबी सहित 1.07 किमी रास्ते का निर्माण + 3 कार्य | 18.03.2025 04.04.2025 | 56.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 32 | पंचायती राज अम्बाला | गांव मिर्जापुर काट ब्लॉक नारायणगढ़ के शमशान घाट में रास्ते का निर्माण। | 19.03.2025 25.03.2025 | 29.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 33 | महानिदेशक राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ़ | हरियाणा राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के लिए अगले एक वर्ष के लिए एस्बेस्टोस मुक्त ब्रेक लाइनिंग और एल्युमीनियम रिवेट्स के साथ क्लच फेसिंग की खरीद के लिए नए सिरे से ऑनलाइन निविदा की सूचना, जिसकी कीमत लगभग 3.99 करोड़ है। | 26.03.2025 15.04.2025 | 399 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/2025/660/33124/I/88/7 दि. 20.03.25

## खबर संक्षेप

### गुरुद्वारा बंगला साहिब के सरोवर में जल भरने की सेवा हुई शुरू

नई दिल्ली। गुरुद्वारा बंगला साहिब में दस वर्ष बाद हुई सरोवर की सफाई की कार सेवा के दूसरे चरण में अब 20 मार्च को, चौथे दिन जल भरने की सेवा पुनः शुरू कर दी गई है। इस बारे में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि गुरुवार को गुरुद्वारा बंगला साहिब के सरोवर में फिर से जल भरने की सेवा शुरू हो गई है। उम्मीद है कि अगले तीन-चार दिनों में पवित्र सरोवर पूरी तरह से भर जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 मार्च 2025 को बाबा बचन सिंह कार सेवा वालों के नेतृत्व में संगत ने गुरुद्वारा बंगला साहिब के सरोवर की सफाई का कार्य शुरू किया और एक ही दिन में पूरा भी कर लिया था। उन्होंने बताया कि सरोवर की सफाई पूरी होने के बाद टूट फूट की मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य संपन्न किया गया। जिसके बाद आज 20 मार्च चौथे दिन जल भरने की सेवा पुनः शुरू कर दी गई है।

### आतिशी ने महिला सम्मान योजना को लेकर भाजपा से फिर किया सवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर प्रश्न किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए वादे के अनुरूप राजधानी में महिलाओं को 'महिला समृद्धि योजना' के तहत 2,500 रुपये की मासिक वित्तीय सहायता कब मिलेगी? दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि क्या भाजपा सरकार राजधानी में 18 वर्ष से अधिक आयु की लगभग 48 लाख महिलाओं को 2,500 रुपये देगी? या कई तरह की शर्तें लगाकर इसकी एक प्रतिशत से भी कम संख्या को लाभ देगी। आतिशी ने दावा किया कि भाजपा सरकार ने 12 दिन पहले एक समिति बनाई थी, जिसने अभी तक कुछ नहीं किया है।

### केजरीवाल आप नेताओं से रोजाना करवा रहे हैं विवादित बयान : सचदेवा

नई दिल्ली। पंजाब में महिला सम्मान भत्ते पर जवाबदेही से बचने के लिए केजरीवाल रोजाना आम आदमी पार्टी के नेताओं जैसे आतिशी आदि से विवादित बयानबाजी करवा रहे हैं जबकि दिल्ली भाजपा की महिला समृद्धि योजना दिल्ली बजट 2025-26 पास होने के बाद लागू होने को है। यह बात गुरुवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली एवं पंजाब दोनों ही जगह महिलाओं को महिला सम्मान भत्ते का सपना दिखा कर गुमराह किया और 2022 में पंजाब में सरकार बनाने के साथ ही दिल्ली में नगर निगम की सत्ता पर काबिज हुए पर आज दिल्ली एवं पंजाब दोनों जगह महिलाएं उनसे एक ही सवाल पूछ रही हैं, केजरीवाल हमें धोखा क्यों दिया।

## पार्क की बदतर हालत देखकर मंत्री ने डीसी को लगाई फटकार

# सीवर और नालियों की प्राथमिकता से की जाए सफाई : आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शिक्षा, गृह, ऊर्जा और शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार को अपनी विधानसभा जनकपुरी में सड़क पर उतर कर जनसमस्याओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बजरंगी पार्क की बदतर हालत देखकर डीसी को फटकार लगाई वहीं अधिकारियों को ऑन द स्पॉट जनसमस्याएं खत्म करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सीवर और नालियों की सफाई प्राथमिकता से की जाए।

गौरतलब है कि जनता का विधायक, जनता के बीच संवाद श्रृंखला के तहत मंत्री सूद ने गुरुवार को अपनी विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी के एबीसी और डी ब्लॉक तथा उत्तम नगर के शू मार्केट से लेकर मदर डेयरी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री सूद ने स्थानीय लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक सुना और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को उनके शीघ्र अति शीघ्र समाधान के लिए निर्देश भी दिए। इस दौरान उसके साथ दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी, दिल्ली पुलिस, हॉर्टिकल्चर, पावर डिपार्टमेंट और दिल्ली सरकार के अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। मंत्री सूद ने गुरुवार को जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के उत्तम नगर इलाके में ए, बी, सी और डी ब्लॉक की हर गली-मोहल्ले के साथ ही बजरंगी पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उत्तम नगर के शू मार्केट से लेकर मदर डेयरी तक स्थानीय लोगों का तांता लगा रहा। लोगों ने अपने-अपने इलाके में बिजली के लटकते तारों, सीवर जाम की समस्या, नल के जरिए गंदे पानी की सप्लाई, पार्कों की बदहाली, स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरे लगवाने समेत कई जन समस्याओं को खुलकर बताया। लोगों ने इलाके के छोटे-बड़े पार्कों के साथ बजरंगी पार्क की दुर्दशा, पेड़ों की छटाई, पानी का छिड़काव करने और पार्क में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट को तुरंत ठीक कराने की मंत्री से गुजारिश की। तो वहीं इलाके की महिलाओं ने पार्क में शराब और स्मैक पीने, गुंडागर्दी की समस्या की भी शिकायत की।



**पार्क में गंदगी देखकर मंत्री ने अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम**

मंत्री ने पार्क में कूड़े के ढेर और गंदगी, बिजली के जर्जर तार के साथ लोगों की परेशानी देखकर मौके पर मौजूद हॉर्टिकल्चर विभाग, बीएसईएस, दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी समेत संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों के साथ इलाके की डीसी को सभी समस्याओं को तत्काल दूर करने का अल्टीमेटम दे दिया। उन्होंने पार्क में बैठकर नशा करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मौके पर मौजूद इलाके के एसएचओ को सख्त निर्देश दिए।

**सभी अधिकारी एक साथ मिलकर करें काम**

मंत्री सूद ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली कटौती और पीने के पानी की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के साथ ही बारिश के मौसम में होने वाले जलजमाव और सीवर की समस्या का समाधान करने के लिए सभी अधिकारियों को अभी से एक साथ मिलकर काम करने का निर्देश भी दिया। कूड़े की सफाई, सड़कों से अतिक्रमण हटाने को प्राथमिकता के आधार पर कराने के साथ ही कूड़े-कचरे को सड़क किनारे डालकर छोड़ने की जगह उपयुक्त स्थान पर निस्तारण करने का भी सख्त निर्देश दिया।

# सड़कों पर फैले कचरे को तुरंत हटाया जाए : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मंत्री ने राजौरी गार्डन में स्वच्छता, सड़क रखरखाव एवं जनसुविधाओं का किया निरीक्षण

दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए दिल्ली सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को दिल्ली के वन एवं पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा दिल्ली नगर निगम आयुक्त अश्विनी कुमार के साथ अपनी विधानसभा राजौरी गार्डन क्षेत्र की साफ-सफाई और नागरिक सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़कों पर फैले कचरे को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मंत्री सिरसा ने एमसीडी अधिकारियों को कचरा तुरंत हटाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों की सफाई व्यवथा में तत्काल सुधार लाया जाए एवं कचरे को दोबारा जमा होने से रोका जाए। मंत्री जी ने पार्कों के सौंदर्यीकरण एवं एमसीडी की सड़कों के किनारे पौधरोपण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

इस दौरान उन्होंने कचरा ढलाव स्थलों का भी निरीक्षण किया। जहां उन्होंने समय पर कचरा उठाने, कचरा छटाई करने और नियमित कीटनाशक छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित के निर्देश दिए। मंत्री सिरसा ने कहा कि राजौरी गार्डन के हर नागरिक को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए। हमारी प्राथमिकता है कि सड़कों पर कचरा न दिखे, जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त हो और सार्वजनिक सुविधाएं अच्छी हों इसको लेकर जल्द ठोस कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि एमसीडी एवं पर्यावरण विभाग के समन्वित प्रयासों से राजौरी गार्डन के नागरिकों के लिए स्वच्छ एवं हरित परिवेश तैयार किया जाएगा। मंत्री सिरसा ने कहा दिल्ली सरकार स्थानीय लोगों से संवाद करके दिल्ली को प्रदूषण-मुक्त स्वच्छ और हरित बनाने की दिशा में कार्य करेगी।

## चैंपियनशिप जीते पहलवानों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात





हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के महिला और पुरुष पहलवानों ने आल इंडिया सिविल सर्विसेज कुश्ती प्रतियोगिता चैंपियनशिप जीतने के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। सरकार से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को चैंपियनशिप जीती महिला और पुरुष पहलवानों ने दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार खेलों के बुनियादी ढांचे में सुधार,युवा खिलाड़ियों को अधिक अवसर प्रदान करने और जमीनी स्तर पर खेल कार्यक्रमों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विधायकों की नहीं सुनते अधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्य सचिव से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अधिकारियों द्वारा विधायकों के पत्रों और फोन कॉल या मैसेज का जवाब नहीं देने के मामले में विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली के मुख्य सचिव धर्मेंद्र को एक पत्र लिखकर शिकायत की है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि दिल्ली के अधिकारी विधानसभा सदस्यों (विधायक) के पत्रों, फोन कॉल या मेसेज का जवाब नहीं देते हैं। उन्होंने ने मुख्य सचिव से कहा कि वे प्रशासनिक सचिवों, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस, डीडीए आदि के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों को इस बारे में जागरूक करें। विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को मुख्य सचिव धर्मेंद्र को लिखे पत्र में नौकरशाही को चेतावनी दी है। गुप्ता ने लिखा कि कुछ ऐसे मामले मेरे संज्ञान में लाए गए हैं जहां विधायकों के पत्र, फोन कॉल या मैसेज के रूप में किए गए संवाद को संबंधित अधिकारी द्वारा स्वीकार भी नहीं किया गया है। विजेंद्र गुप्ता ने पत्र में लिखा है कि विधायकों की बात नहीं सुनना एक गंभीर मामला है और मुझे लगता है कि इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग, दिल्ली सरकार और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सरकारी निर्देशों को दोहराने की तत्काल आवश्यकता है।

**सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर कसा तंज**

अधिकारियों द्वारा विधायकों की बातों को नहीं सुनने पर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर तंज कसा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दस साल तक दिल्ली के अफसरों को सिखाया गया कि मंत्री और विधायकों की बात नहीं सुननी। विधायकों और मंत्रियों के फोन नहीं उठाने, चिट्ठी का जवाब नहीं देना। बात बात पर आम आदमी पार्टी को ज्ञान देने वाले आज खुद परेशान हैं। अब भाजपा की सरकार बनी तो अफसरों की मनमानी समझ आ रही है। पहले यही भाजपा इन्ही अफसरों की तरफदारी करती थी, अब उन्हें कर्तव्य सिखाया जा रहा हैं। आज भाजपा को समझ आया है कि प्रजातंत्र को कमजोर करने से देश और जनता का सिर्फ नुकसान ही होता है।

### आईपी यूनिवर्सिटी ने की एडमिशन चैटबॉट सेवा की शुरुआत

नई दिल्ली। दाखिले से जुड़े सवालों का त्वरित जवाब देने के लिए आईपी यूनिवर्सिटी ने एडमिशन चैटबॉट सेवा की शुरुआत की है। इसका लिंक यूनिवर्सिटी की मुख्य वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस सेवा का उपयोग करके नए सत्र के विभिन्न प्रोग्राम में दाखिले से संबंधित प्रश्नों का तत्काल उत्तर पाया जा सकता है। यूनिवर्सिटी की दाखिला प्रक्रिया के निदेशक प्रो. उदयन घोष ने बताया कि एआई आधारित यह ऑनलाइन सेवा नए सत्र में दाखिले से संबंधित हर संभावित प्रश्नों के अत्यंत त्वरित गति से सटीक उत्तर देने में सक्षम है।

## दिल्ली के सभी छह मंत्रियों के लिए सचिव नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्रियों के शपथ के एक महीने बाद आखिरकार सभी छह मंत्रियों के लिए गुरुवार को सचिवों की नियुक्ति कर दी गई। इसके लिए छह दानिक्स अधिकारियों का तबादला कर उन्हें मंत्रियों का सचिव बनाया गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इन तबादलों को मंजूरी दे दी है। पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा का सचिव दानिक्स अधिकारी राजीव शुक्ला को बनाया गया है। फिलहाल वह विशेष सचिव लैंड एंड बिल्डिंग के पद पर कार्यरत थे। डीडीए के निदेशक पद पर तैनात अनूप ठाकुर को दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद का सचिव बनाया गया है। एनडीएमसी में निदेशक के पद पर कार्यरत मोहित मिश्रा को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का सचिव नियुक्त किया गया है। व्यापार एवं कर विभाग में तैनात संयुक्त आयुक्त वडोदारिया करणजीत को मंत्री रविन्द्र सिंह (इंद्राज) के सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर-पूर्वी जिला एडीएम वैभव रिखाड़ी का तबादला स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह के सचिव के रूप में किया गया है। पश्चिम जिला एडीएम विनय कुमार जिंदल को मंत्री कपिल मिश्रा का सचिव नियुक्त किया गया है।





**जल मंत्री ने समर एक्शन प्लान के तहत की साप्ताहिक समीक्षा बैठक**

# जल के कनेक्शन की दरें बहुत अधिक सरकार करेगी समीक्षा : प्रवेश वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार पानी के कनेक्शन की दरें पर कुछ संशोधन कर सकती है। इस बाबत गुरुवार को समीक्षा बैठक में जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने संकते दिए हैं। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में जल कनेक्शनों को कानूनी रूप से मान्य बनाने और उन्हें जनता के लिए अधिक सुलभ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल जल कनेक्शन की दरें बहुत अधिक हैं, जिससे लोग अवैध कनेक्शनों की ओर बढ़ते हैं। हम इन दरों की समीक्षा करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग कानूनी रूप से जल कनेक्शन ले सकें। हम एक समय सीमा निर्धारित करेंगे, जिसके बाद अवैध रूप से जल उपभोग करने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

गौरतलब है कि दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने समर एक्शन प्लान के तहत एक नई पहल शुरू की है, जिसके अंतर्गत अब हर सप्ताह दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें हो रही हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य जल आपूर्ति को सुचारू बनाना, सीवर व्यवस्था को सुधारना और जल वितरण में पारदर्शिता बढ़ाना है। इस पहल का लक्ष्य गर्मी के मौसम में दिल्लीवासियों को स्वच्छ पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना, अवैध जल कनेक्शनों पर रोक लगाना और तंत्र में हो रहे नुकसान को रोकना है।

गुरुवार को हई बैठक में पिछले सप्ताह किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और अगले सप्ताह के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। अधिकारियों को जल आपूर्ति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने, लीकेज रोकने, सीवर जाम की समस्याओं का समाधान करने और समग्र जल वितरण को सुधारने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

**प्रत्येक टैंकर को किया जाए जीपीएस से लैस**

जल आपूर्ति की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जल मंत्री ने घोषणा की कि जीपीएस से लैस टैंकरों के लिए नया टेंडर जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस समय टैंकरों की आवाजाही और उनके जल आपूर्ति बिंदुओं का कोई सटीक रिकॉर्ड नहीं है। मैंने निर्देश दिया है कि प्रत्येक टैंकर को जीपीएस से लैस किया जाए और जल वितरण स्थलों की सूची बनाकर उचित दस्तावेजीकरण किया जाए। इसके साथ ही मंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम में जल आपूर्ति को और अधिक मजबूत करने के लिए टैंकरों की ट्रिप संख्या बढ़ाकर 16 प्रतिदिन कर दी जाएगी।

## चिंतन

# परिसीमन पर डीएमके का वितंडा निरर्थक

परिसीमन और हिन्दी भाषा पर तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके का विवाद खड़ा करना राज्य के विकास से जुड़े असली मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक या डीएमके) के सदस्य बृहस्पतिवार को प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ नारे लिखी टी-शर्ट पहनकर संसद के दोनों सदनों में पहुंच गए, जिस कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बार-बार बाधित हुई और अंततः दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। परिसीमन के मुद्दे पर सदन को बाधित करना कहीं से भी उचित नहीं है, अभी परिसीमन प्रारंभ भी नहीं हुआ है, वर्ष 2026 में प्रस्तावित है। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके की मांग है कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे उन प्रदेशों को लोकसभा सीटों के संदर्भ में नुकसान होगा, जिन्होंने प्रभावी ढंग से जनसंख्या नियंत्रण किया है। पिछले सप्ताह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दक्षिणी राज्यों को आश्वासन दिया था कि यदि परिसीमन किया जाता है, तो उन्हें एक भी संसदीय सीट नहीं खोनी पड़ेगी। तमिलनाडु को केंद्र पर भरोसा करना होगा। राजनीति के लिए केंद्र से टकराव संघीय व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। आगे तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव है, तो डीएमके प्रमुख व सीएम एमके स्टालिन की कवायद तमिल स्मिता को भड़का कर फिर से सत्ता पाने की है। क्योंकि नई शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूला है, इसलिए तमिल को कोई खतरा नहीं है, केंद्र सरकार किसी भी राज्य पर नई शिक्षा नीति में हिन्दी नहीं थोप रही है। संविधान में अनुसूचित 22 भाषाओं में हिंदी भी है और तमिल भी। तमिल संस्कृत की तरह प्राचीन भाषा है। डीएमके करुणानिधि के वक्त से ही फ्रीबिज और तमिल अस्मिता की राजनीति करती रही है, जिसमें तमिल हिंदी व हिंदू धर्म के खिलाफ प्रोपेगैंडा शामिल है। आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने एमके स्टालिन के हिंदी विरोध को खारिज किया है और हिंदी की व्यापकता से किसी भी राज्यीय व अन्य भारतीय भाषा को खतरा नहीं होने की बात कही है। कला क्षेत्र से बात निकली है कि अगर हिंदी विरोध इतना सशक्त है तो तमिल फिल्मों का हिंदी डब क्यों होता है, जो बड़ा बाजार है। तमिल भाषा की रक्षा का दायित्व डीएमके का नहीं है, यह समस्त तमिल भाषी लोगों का है। इसके ठेकेदार बनने की किसी को कोई जरूरत नहीं है। जब डीएमके नहीं बनी थी, तब भी तमिल भाषा थी। परिसीमन पर वितंडा खड़ा कर राजनीति करना डीएमके को ही नुकसान पहुंचाएगा। तमिलनाडु केवल डीएमके नहीं है। समृद्ध तमिलनाडु की एसजीडीपी में सतत कमी के लिए डीएमके और अन्ना डीएमके पार्टियां ही जिम्मेदार हैं। परिसीमन व हिन्दी के नाम पर तमिलनाडु के विकास व रोजगार के प्रश्न को नहीं ढंका जा सकता है। लोकसभा सीटों का वर्तमान वितरण 1971 की जनगणना पर आधारित है। 1976 में, आपातकाल के दौरान, इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार ने 42वां संविधान संशोधन पारित किया, जिसने 2001 की जनगणना तक 25 वर्षों के लिए संसदीय सीटों के संशोधन को रोक दिया था। 2001 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने 84वें संविधान संशोधन के ज़रिए इस प्रतिबंध को 2026 तक बढ़ा दिया था। दोनों संशोधनों के पीछे तर्क जनसंख्या नियंत्रण उपायों को बढ़ावा देना था। तमिलनाडु समेत सभी चिंतित राज्यों को वर्ष 2026 का इंतजार करना चाहिए। तब तक डीएमके के हायतौबा का कोई अर्थ नहीं है।



## मानवयुक्त गगनयान
प्रमोद भार्गव

# क्रायोजेनिक तकनीक में देश की छलांग

> इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष डॉ. वी नारायण ने कहा है कि भारत उन छह देशों में से एक हैं, जिन्होंने स्वदेशी क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी विकसित कर ली है। अन्य पांच देश अमेरिका, फ्रांस, रूस, चीन और जापान हैं। आईआईटी मद्रास में नए शोध केंद्र के शुभारंभ पर नारायण ने आगे कहा कि इसरो के सीई-20 इंजन ने गगनयान मिशन के लिए मानव रेटिंग हासिल कर ली है। मानव रेटिंग प्रक्रिया तय करती है कि मनुष्य को अंतरिक्षयान में लेकर उड़ान भरने वाली यह प्रणाली सुरक्षित है। यह अंतरिक्ष यात्रा के लिए सुरक्षा मानकों को पूरा करने के लिए एक जरूरी प्रक्रिया है।

नारायण ने बताया कि एक समय क्रायोजेनिक प्रौद्योगिकी भारत को अन्य देशों ने नहीं दी थी। परंतु आज हमारे पास तीन ऐसे इंजन हैं, जिनमें से तीसरा मानव रेटेट है। हमने इस प्रौद्योगिकी में तीन विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। इस अभियान को तीसरे प्रयास में ही लक्ष्य तक पहुंचा दिया गया था। इंजन के परीक्षण से लेकर उड़ान भरने तक यह अभियान 28 महीनों में पूरा किया, जबकि अन्य देशों को इसमें 42 महीनों से लेकर 18 वर्ष तक का समय लगा। परीक्षण में भी हमें मात्र 34 दिन लगे, जबकि अन्य देशों को परीक्षण पूरा करने में ही पांच से छह माह तक लगे हैं। अतएव इस प्रौद्योगिकी के निर्माण में भारत ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। यही वह इंजन है, जो मानव रेटेड एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। ये सब तैयारियां भेजे गए इंसान को सुरक्षित रूप में वापस लाने के लिए की जा रही हैं। दरअसल हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में किसी भी प्रक्षेपण यान का यही इंजन वह अश्व-शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों, अन्य उपकरणों और मानवों को अंतरिक्ष में पहुंचाने का काम करते हैं। भारत ने शुरुआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था, लेकिन 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी लेकिन छह क्रायोजेनिक इंजन जरूर भारत को शुल्क लेकर भेज दिए। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों के कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते स्वदेशी तकनीक के बूते चरणबद्ध रूपों में इंजन को विकसित कर लिया गया।

मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पैलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के असफल होने की स्थिति में क्रू मॉड्यूल अर्थात जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को बाहरी अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद वापस सुरक्षित लाने के लिए 'क्रू एस्केप सिस्टम' यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर



चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी, क्योंकि यान के असफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। गगनयान परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को 400 किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। बाद में सुरक्षित पृथ्वी पर वापस समुद्र में उनकी लैंडिग कराई जाएगी। अतएव भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। अब तक भारतीय या भारतीय मूल के तीन वैज्ञानिक अंतरिक्ष की यात्रा कर चुके हैं। राकेश शर्मा अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय हैं। इनके अलावा भारतीय मूल की कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स भी अमेरिकी कार्यक्रम के तहत अंतरिक्ष जा चुकी हैं। हालांकि पूर्व में भारत ने 2022 तक अंतरिक्ष में मानव भेजने की घोषणा की थी। लेकिन इस पर समय रहते क्रियान्वयन नहीं हो पाया। अंतरिक्ष में मानवरहित और मानवचालित दोनों तरह के यान भेजे जाएंगे। पहले चरण में योजना की सफलता को परखने के लिए अलग-अलग समय में दो मानव-विहीन यान अंतरिक्ष की उड़ान भरेंगे। इनकी कामयाबी के बाद मानव-युक्त यान अपनी मंजिल का सफर तय करेगा। यह सावधानी इसलिए बरती जा रही है, क्योंकि अमेरिकी मानव मिशन की असफलता के चलते भारतीय महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला की मृत्यु हो गई थी। वे कोलंबिया अंतरिक्ष यान आपदा में मारे गए 7 यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

मानव युक्त गगनयान की कामयाबी के बाद भारत अमेरिका, रूस और चीन की श्रेणी में आ जाएगा। क्योंकि इन्हीं देशों ने अब तक अंतरिक्ष में अपने मानवयुक्त यान भेजने में सफलता पाई है। भारत ने अब अंतरिक्ष में बड़ी छलांग लगाने की पहल कर दी है। भारत द्वारा अंतरिक्ष में भेजे जाने वाले गगनयान का भार 7 टन, ऊंचाई 7 मीटर और करीब 4 मीटर व्यास की गोलाई होगी। 'गगनयान' जीएसएलवी (एमके-3) रॉकेट से अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद 16 मिनट में अंतरिक्ष की कक्षा में पहुंच जाएगा। इसे धरती की सतह से 400 किमी की दूरी वाली पृथ्वी कक्षा में स्थापित किया जाएगा। सात दिन तक कक्षा में रहने के बाद गगनयान को अरब-सागर, बंगाल की खाड़ी अथवा जमीन पर उतारा जाएगा। इस संबंध में पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेष शर्मा से भी मदद ली जा रही है। भारत पहले दो गगनयान-अभियान मानवरहित भेजेगा। दरसअल अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी अंतरिक्ष-अभियान ध्वस्त हो जाता है या अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। भारत ने गगनयान को अंतरिक्ष में भेजने की दृष्टि से श्रीहरिकोटा में जीएसएलवी मार्क-3 को स्थापित करने की तैयारी शुरू की हुई है। इसरो ने परीक्षण के तौर पर क्रू एस्केप मॉड्यूल का पहला पड़ाव पार कर लिया है और अब मानव रेटेट क्रायोजेनिक इंजन भी तैयार भी हो गया है। बहरहाल, अंतरिक्ष में भारतीय मानव मिशन के सफल होने के बाद ही चंद्रमा और मंगल पर मानव भेजने का रास्ता खुलेगा। इन पर बस्तियां बसाए जाने की संभावनाएं भी बढ़ जाएंगी। आने वाले वर्षों में अंतरिक्ष पर्यटन के भी बढ़ने की उम्मीद है। इसरो की यह सफलता अंतरिक्ष पर्यटन की पृष्ठभूमि का एक हिस्सा है। यह अभियान देश में अंतरिक्ष शोधकार्यों को बढ़ावा देगा। साथ ही भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकी तैयार करने में मदद मिलेगी। वैज्ञानिकों का तो यहां तक दावा है कि दवा, कृषि, औद्योगिक सुरक्षा, प्रदूषण, कचरा प्रबंधन तथा पानी एवं खाद्य स्त्रोत प्रबंधन के क्षेत्र में भी तरक्की के नए मार्ग खुलेंगे।

(लेखक साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## विश्व जल दिवस
पंकज चतुर्वेदी



# भविष्य के लिए पानी की बर्बादी को रोकना जरूरी

जाम्बा, करनाल से कैथल जाने वाले मुख्य मार्ग पर एक संपन्न गांव है। कोई 1250 की आबादी वाले पूरे गांव में 242 घर हैं और सभी पक्के हैं। यहां 'हर घर जल की सरकारी योजना के तहत प्रत्येक घर तक पानी की लाइन है। गांव में ही जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा ने एक ट्यूबवेल लगा रखा है। एक कर्मचारी सुबह-शाम एक-एक घंटा इसे चला कर घरों तक पानी पहुंचाता है। पानी को क्लोरिन से शुद्ध किया जाता है। सरकार इसके लिए महज चालीस रुपये महीना लेती है और वह भी कई ग्रामीण चुकाते नहीं। गांव वालों की शिकायत है कि पानी कम आता है। हकीकत तो यह है कि दिन में दो घंटे मोटर चलने से एक आठ लोगों के परिवार के पीने, रसोई, नहाने का पानी पर्याप्त पहुंच जाता है। असल में हर घर में मवेशी पले हैं और अब ग्रामीण चाहते हैं कि ढोर के नहलाने का पानी भी नल से ही आए। यह पूरी सरकारी योजना जिस भूजल पर टिकी है, असल में वह किसी भी दिन धोखा दे सकती है। जाम्बा को ही क्यों कोसें, दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों को इस बात के लिए गर्व से प्रचारित किया जाता है कि वहां घरों में गंगा-वाटर आता है। ऐसे इलाकों में फ्लेट के दाम इस कारण अधिक होते हैं। जिस गंगा जल को घरों में एक बोतल में पवित्र निशानी की तरह रखा जाता है, वह गंगा जल लाखों घरों में शौचालय से लेकर कपड़े धोने तक में इस्तेमाल होता है। कृषि मंत्रालय के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का एक ताजा शोध बताता है कि सन 2030 तक हमारे धरती के तापमान में 0.5 से 1.2 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि अवश्यंभावी है। साल-दर-साल बढ़ते तापमान का प्रभाव सन 2050 में 0.80 से 3.16 और सन 2080 तक 1.56 से 5.44 डिग्री हो सकता है। जान लें कि तापमान में एक डिग्री बढ़ोतरी का अर्थ है कि खेत में 360 किलो फसल प्रति हैक्टेयर की कमी आ जाना। इस तरह जलवायु परिवर्तन के चलते खेती के लिहाज से 310 जिलों को संवेदनशील माना गया है। सामने दिख रहा है कि संकट अकेले पानी का ही नहीं है, अलग-अलग किस्म का पानी, अलग-अलग इस्तेमाल के लिए कैसे छांटा जाए, इस बारे में तंत्र विकसित करना और सबसे बड़ी बात इसके लिए जागरुकता फैलाना अनिवार्य है। भारत में जिस साल अल्प वर्षा होती है, उस साल भी इतनी कृपा बरसती है कि सारे देश की जरूरत पूरी हो सकती है लेकिन हमारी असली समस्या बरसात की हर बूंद को रोक रखने के लिए हमारे पुरखों द्वारा बनाए तालाब-बावड़ी या नदियों की दुर्गति करना है। हम यह भूल जाते हैं कि प्रकृति जीवनदायी संपदा यानी पानी हमें एक चक्र के रूप में प्रदान करती है और इस चक्र को गतिमान रखना हमारी जिम्मेदारी है। प्रकृति के खजाने से हम जितना पानी लेते हैं उसे वापस भी हमें ही लौटाना होता है। दिल्ली, मुंबई और चेन्नई जैसे महानगरों में पाइपलाइनों के वॉल्व की खराबी के कारण 17 से 44 प्रतिशत पानी प्रतिदिन बेकार बह जाता है। ब्रह्मपुत्र नदी का प्रतिदिन 2.16 घन मीटर पानी बंगाल की खाड़ी में चला जाता है। भारत में हर वर्ष बाढ़ के कारण करीब हजारों मौतें व अरबों का नुकसान होता है। इजरायल में औसत बारिश 10 सेंटीमीटर है, इसके बावजूद वह इतना अनाज पैदा कर लेता है कि वह उसका निर्यात करता है। दूसरी ओर भारत में औसतन 50 सेंटीमीटर से भी अधिक वर्षा होने के बावजूद सिंचाई के लिए जरूरी जल की कमी बनी रहती है। यह भी कड़वा सच है कि हमारे देश में औरतें पीने के पानी के जुगाड़ के लिए हर रोज ही औसतन चार मील पैदल चलती हैं। पानीजन्य रोगों से विश्व में हर वर्ष 22 लाख लोगों की मौत हो जाती है। पूरी पृथ्वी पर एक अरब 40 घन किलोलीटर पानी है। इसमें से 97.5 प्रतिशत पानी समुद्र में है जोकि खारा है, शेष 1.5 प्रतिशत पानी बर्फ के रूप में ध्रुव प्रदेशों में है। बचा एक प्रतिशत पानी नदी, सरोवर, कुआं, झरना और झीलों में है। इस एक प्रतिशत पानी का 60वां हिस्सा खेती और उद्योगों में खपत होता है। बाकी का 40वां हिस्सा हम पीने, भोजन बनाने, नहाने, कपड़े धोने आदि में खर्च करते हैं। यदि ब्रश करते समय नल खुला रह गया है तो पांच मिनट में करीब 30 लीटर पानी बर्बाद होता है। यदि अभी पानी को सहेजने और किफायती इस्तेमाल पर काम नहीं किया गया तो वह दिन दूर नहीं जब सरकार की हर घर नल जैसी योजनाएं जल-स्त्रोत ना होने के कारण रीती दिखेंगी। जान लें, पानी की कमी, मांग में वृद्धि तो साल-दर-साल ऐसी ही रहेगी। अब मानव को ही बरसात की हर बूंद को सहेजने और उसे किफायत से खर्च करने पर विचार करना होगा। इसमें अन्न की बर्बादी सबसे बड़ा मसला है। जितना अन्न बर्बाद होता है, उतना ही पानी जाया होता है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## निंदा का परित्याग



संकलित
**दर्शन**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में निर्वहन के लिए व्यक्ति के सामाजिक गुणों का अत्यंत महत्व है। गुणी व्यक्ति को प्रत्येक जगह सम्मान की प्राप्ति होती है। संसार के प्रत्येक प्राणी में कुछ गुण तो कुछ अवगुण पाए जाते हैं, परंतु कुछ लोग हैं जो दूसरे के अवगुणों को ही देखते हैं। वे किसी भी सकारात्मक पक्ष में नकारात्मकता देखने के अभ्यस्त हो जाते हैं। प्रायः ऐसे लोगों में निंदा की प्रवृत्ति पाई जाती है। वे ऐसा करके खुद को समाज में श्रेष्ठ एवं दूसरे को नीचा साबित करना चाहते हैं। निंदा एक नशे की भांति है, जो एक बार इसका आदी हो गया, वह दिन-प्रतिदिन इसके पाश में जकड़ता चला जाता है। मनीषियों ने निंदा को दुर्व्यसन के समान माना है, जो निंदा करने वाले व्यक्ति को अंदर ही अंदर नैतिक रूप से समाप्त करती रहती है। एक बार एक आचार्य अपने शिष्यों को शिक्षा प्रदान कर रहे थे। शिक्षा प्राप्ति के दौरान एक शिष्य अन्य शिष्यों की ओर संकेत करते हुए आचार्य से कहने लगा कि 'वे अपना कार्य सही से नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है इन लोगों को कार्य करना ही नहीं आता।' आचार्य बोले, 'तुमको छोड़ अन्य सारे शिष्य सही से कार्य कर रहे हैं।' इस पर शिष्य असहज हो गया। उसने आचार्य से पूछा, 'वह कैसे?' आचार्य बोले, 'क्योंकि वे लोग अपने कार्य में संलग्न हैं, किंतु तुम अपने कार्य पर ध्यान न देकर, दूसरों के कार्य की निंदा करने में अपने समय की बर्बादी कर रहे हो।'


## दान की बड़ी महिमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है। इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### वैश्विक होती दुनिया में पेड़

वैश्विक फलक पर सबसे अहम गणना, जनगणना मानी जाती है। हालांकि पालतू-पशु, वन्य जीव और वृक्षों की गिनती भी होती रही है, लेकिन इन्हें जनगणना के मुकाबले अहमियत नहीं दी जाती। यही वजह रही कि विश्व स्तर पर वृक्षों की, की गई गिनती के निष्कर्षों को समाचार माध्यमों ने उतना महत्व नहीं दिया, जितना दिया जाना चाहिए था, जबकि पेड़ों की अस्मिता पर ही मनुष्य व अन्य प्राणियों का जीवन टिका हुआ है। गोया, पेड़ एक ऐसी प्राकृतिक संपदा है, जिसका यदि विनाश होता है तो मनुष्य का सुखद जीवन भी संभव नहीं है। जब से मानव सभ्यता के विकास का क्रम शुरू हुआ है, तब से लेकर अब तक वृक्षों की संख्या में 46 प्रतिशत की कमी आई है। आकलन है कि विश्व में तीन लाख करोड़ वृक्ष हैं। वन दिवस पर हमें पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए। *- मोहन कश्यप, सरायपाली*

## ट्रेंड

### नई रोजगार योजना



किसी भी राष्ट्र की ताकत को उस राष्ट्र के युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा और अनुशासन से मापा जा सकता है। हम नई स्कीम को लेकर आए हैं, जिससे उत्तर प्रदेश के युवा को प्रदेश के बाहर नौकरी और रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।
**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सामूहिक सहभागिता



दिल्ली के विकास के लिए सबका साथ और सामूहिक सहभागिता जरूरी है। जब हम मिलकर काम करेंगे, तभी हर समस्या का समाधान होगा और विकसित दिल्ली का सपना साकार होगा। आइए, एक साथ आगे बढ़ें और दिल्ली को ऊंचाइयों तक ले जाएं!
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### भाजपा-आप किसान विरोधी



ऐसा लगता है कि दो किसान विरोधी पार्टियों ने देश के अन्नदाता के विरोध में सांठगांठ कर ली है! पहले किसानों को पंजाब सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया, फिर जबरन धरना स्थल से हटाया। भाजपा-आप दोनों ही किसानों की अपराधी रहीं हैं।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### ओटीटी प्लेटफॉर्म



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने बैंडिट क्वीन का सेंसर किया हुआ संस्करण काट दिया, मुझे यकीन भी नहीं है कि उन्हें कानूनी तौर पर ऐसा करने की अनुमति है.. उन्होंने बस फिल्म का अपना संस्करण पेश किया।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर


# टेक्सास की संसद ने पारित किया होली का प्रस्ताव

टेक्सास की संसद ने प्रमुख हिंदू त्योहार होली के संबंध में एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें आधिकारिक तौर पर होली को एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पर्व के रूप में मान्यता दी गई है। इस कदम के साथ जॉर्जिया और न्यूयॉर्क के बाद होली को औपचारिक रूप से मान्यता देने वाला टेक्सास, तीसरा अमेरिकी राज्य बन गया है। यह प्रस्ताव सांसद सारा एकहार्ट ने पेश किया जिसे 14 मार्च को होली के ठीक पहले पारित किया गया। इस प्रस्ताव में होली के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रस्ताव में कहा गया है, 'इस उल्लासमय त्योहार की शुरुआत हजारों वर्ष पहले हुई थी। इस त्योहार को दुनिया में हर पृष्ठभूमि वाले वे लोग मनाते और मान्यता देते हैं जो इसे प्रेम, ऊर्जा और प्रगति का पर्व मानते हैं।' ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्यदूत मंजूनाथ ने बताया, ''यह टेक्सास के लिए गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। राज्य सीनेट द्वारा होली को मान्यता देना विविधता, एकता, मित्रता और सांस्कृतिक विरासत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हम सीनेटर सारा एकहार्ट और उन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने इस प्रस्ताव को संभव बनाया...।' 'हिन्दू अमेरिकन फाउंडेशन' ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया।



## ऑफ बीट

# उम्र बढ़ने की प्रक्रिया सबमें समान नहीं



आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते होंगे, जो अपनी वास्तविक उम्र से छोटा दिखाई देता होगा। इसी तरह आप ऐसे लोगों के भी संपर्क में आए होंगे, जो अपनी उम्र से काफी बड़े नजर आते हैं। क्या कारण है कि उम्र बढ़ने की प्रक्रिया हर व्यक्ति में समान नहीं होती? मैंने अपने पूरे करियर में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया (एजिंग) पर अध्ययन किया है। मैं मिशिगन विश्वविद्यालय में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से संबंधित कोशिकीय एवं आणविक विज्ञान का प्रोफेसर हूं। उम्र बढ़ने की प्रक्रिया से जुड़े अनुसंधान में ऐसा समाधान नहीं तलाशा जाता, जो ढलती उम्र में आपको होने वाली हर बीमारी से निजात दिला सके। बल्कि, पिछले एक या दो दशक में हुए शोध इस ओर इशारा करते हैं कि 'एजिंग' एक बहुकारकीय प्रक्रिया है और इसे महज एक उपाय से नहीं रोका जा सकता। 'एजिंग' क्या है? -एजिंग की अलग-अलग परिभाषाएं हैं, लेकिन वैज्ञानिक आमतौर पर कुछ समान कारकों पर सहमत होते हैं : उम्र बढ़ने की प्रक्रिया समय पर निर्भर करती है, जो व्यक्ति को बीमारियों, चोट और मौत के खतरे के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सीबीसीआईडी का नाम बदलकर किया सीआईडी



**लखनऊ।** योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया। योगी सरकार ने सीबीसीआईडी का नाम बदल दिया। सीबीसीआईडी को सीआईडी कर दिया गया है। अपराध अनुसंधान प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सरल बनाने यह फैसला लिया है। गृह विभाग ने इसको लेकर आदेश भी जारी कर दिया है। सरकार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि अब से सीबीसीआईडी को सीआईडी के नाम से जाना जाएगा।

# एक लाख करोड़ रुपए और विशेष राज्य का दर्जा, बिहार ने 16वें वित्त आयोग के सामने रखी मांगों की लंबी सूची

## केंद्रीय करों की हिस्सेदारी में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने की मांग

*बिहार सरकार ने 16वें वित्त आयोग से विशेष राज्य का दर्जे के साथ 1 लाख करोड़ रुपये का तुरंत अनुदान देने की मांग की है। पटना में हुई वित्त आयोग की बैठक में सीएम नीतीश भी मौजूद रहे*

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की नीतीश सरकार ने 16वें वित्त आयोग के सामने कई मांगों की एक पूरी लिस्ट रख दी है। इसमें बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के साथ ही 1 लाख करोड़ रुपए के तात्कालिक अनुदान की मांग की गई है। बिहार ने केंद्रीय करों की हिस्सेदारी में राज्यों का हिस्सा भी बढ़ाने की मांग की है। 16वें वित्त आयोग के सदस्य तीन दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पटना में आयोजित आयोग की बैठक में गुरुवार को सीएम नीतीश कुमार भी शामिल हुए।



### विशेष राज्य के दर्जे की मांग विचार करने योग्य नहीं: पनगढ़िया

*बिहार ने टैक्स के बंटवारे में बहुआयामी गरीबी सूचकांक के आधार को भी एक मानक बनाने का आग्रह 16वें वित्त आयोग से किया है। बैठक में आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा बिहार ने विशेष राज्य का दर्जा भी मांगा है, लेकिन यह विचार करने योग्य प्रश्न नहीं है। सीएम नीतीश कुमार भी गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित 16वें वित्त आयोग की बैठक में शामिल हुए। इस अवसर पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बिहार में 3 दिवसीय भ्रमण पर 16वें वित्त आयोग का आगमन हुआ है। इस अवसर पर वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया सहित सभी सदस्यगणों का उन्होंने स्वागत किया।*

### नीतीश ने कहा- बिहार को आपसे काफी उम्मीद

सीएम ने आयोग के सदस्यों से कहा कि आप सभी काफी अनुभवी एवं योग्य हैं और बिहार को आपसे काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर के कुलाधिपति भी हैं। इसलिए वे बिहार की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि से परिचित हैं।

## पेज एक का शेष

### 2025 में भारत...

बीते कुछ वर्षों में ऑपरेटिंग स्तर पर सुधार और वित्तीय क्षमता बढ़ने के कारण कंपनियां ऐसे दबावों को झेलने में सक्षम हैं। देश में मौजूद कंपनियों को बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था, कंज्यूमर खर्च में बढ़ोतरी और अच्छे इन्फ्रास्ट्रक्चर से भी लाभ होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय कंपनियां मजबूत वृद्धि और क्रेडिट क्वालिटी के कारण सुरक्षित है और अधिकांश कंपनियां बढ़ती हुई लिक्विडिटी के कारण ऑनशोर फंडिंग हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत के आईटी सर्विसेज, केमिकल और ऑटो सेक्टर की अमेरिकी बाजारों पर उच्च निर्भरता है। सर्विसेज पर टैरिफ का कोई असर नहीं होगा।

### सभापति ने दिलाई...

नियमावली के नियम 249 की याद दिलाते हुए कहा कि इस तरह टी-शर्ट पहनकर सदन में लगातार हंगामा करना ठीक नहीं है। हमें कृषि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा करनी है। यह देश का एक बेहद अहम मुद्दा है। आप लोग हमें इस पर चर्चा की शुरुआत करने दीजिए। लेकिन सभापति की इस जरूरी अपील का भी द्रमुक सांसदों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा और वह हंगामा करते रहे। जिसके कुछ ही मिनटों के बाद पीठासीन सभापति ने कार्रवाई को दिनभर के लिए स्थगित कर दिया।

### 30 नक्सली ढेर किए...

के बीच फायरिंग शुरू हो गई।गौर हो कि नक्सली कमांडर हिडमा की तलाश में 125 से ज्यादा गांवों की मैपिंग की गई है। इसी का नतीजा है कि तीन महीने में 77 का खात्मा कर दिया गया है।

**अगले साल 31 मार्च से पहले नक्सलमुक्त होगा देशः शाह :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।

### सैटेलाइट आधारित...

गडकरी ने कहा कि अभी सैटेलाइट आधारित जो नेविगेशन है, उसके साथ ही कुछ अतिरिक्त सैटेलाइट संपर्क की जरूरत होगी। इसके साथ ही उचित रिसीवर का विकास भी एक बड़ा मसला है। इसके बिना अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

### पंजाब सरकार के...

की सरकार ने भी किसानों के साथ बहुत बड़ा धोखा किया है, एक ओर तो केंद्र सरकार उनसे बातचीत करती है और उनको अगली बातचीत के लिए 04 मई का न्यौता तक देती है पर जैसे ही वो बैठक से बाहर निकलते हैं तो पंजाब पुलिस के द्वारा उनको हिरासत में ले लिया जाता है। किसानों के संकट को दूर करने की जगह उनके साथ धोखा किया जा रहा है और जबरन उनके आंदोलन को खत्म कराया जा रहा है।

**किसान षड्यंत्रकारी विश्वासघात को माफ नहीं करेंगे :** कुमारी सैलजा ने कहा कि दिल्ली में ही पंजाब में किसान आंदोलन को खत्म करने के लिए बड़ी साजिश की गई, इसी के तहत पंजाब पुलिस द्वारा किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर की जबरन हिरासत निंदनीय है। यह साबित करता है कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में शांतिपूर्ण विरोध के लिए कोई जगह नहीं। सरकार किसानों की आवाज दबा रही है, लेकिन देश किसानों के साथ खड़ा है। देश के 62 करोड़ किसान इस षड्यंत्रकारी विश्वासघात को कभी माफ नहीं करेंगे।

**सैलजा ने गडकरी को लिखा पत्र :** सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अनुरोध किया है था कि उनके संसदीय क्षेत्र की जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए एनएच-9 स्टोन नंबर 132-133 के बीच माजरा रोड फतेहाबाद पर और हिसार-सिरसा एनएच-9 पर सीएच नंबर 221+700 पर अंडर पास का निर्माण करवाया जाए। इन स्थानों पर बने कट के कारण आए दिन सड़क हादसे होते रहते है और जानमाल का नुकसान होता है, अंडर पास बनने से लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी नहीं होगी। नितिन गडकरी ने उक्त पत्र पर संज्ञान लेते हुए अंडर पास निर्माण के लिए संबधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर दिया है।

### वक्फ संशोधन विधेयक...

**सीएए-एनआरसी के खिलाफ देशभर में हुआ था आंदोलन :** विदित हो कि मोदी सरकार साल 2019 में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यक समुदाय को भारत की नागरिकता देने के लिए सीएए कानून लेकर आई थी। सीएए के तहत मुस्लिम समुदाय को छोड़कर हिंदुओं, जैनों, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान रखा गया। इसे लेकर दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय आंदोलन शुरू हुआ, जिसका केंद्र शाहीन बाग बन गया था। सीएए-एनआरसी के खिलाफ शाहीन बाग का प्रोटेस्ट एक मॉडल बन गया और इस आंदोलन की चिंगारी देश भर में फैल गई थी। सीएए कानून के विरोध में मुस्लिम समुदाय इसीलिए भी विरोध प्रदर्शन के लिए उतर गए थे, क्योंकि उन्हें ये संशय था कि उनकी नागरिकता छिन जाएगी। सरकार लगातार सफाई देती रही कि सीएए का कानून नागरिकता देने का है, नागरिकता छीनने का नहीं। इसी बीच देश में कोरोना वायरस आ जाने के चलते आंदोलन खत्म हुआ था। सरकार के लिए सीएए आंदोलन चिंता का सबब बन गया था, यही वजह है कि सरकार वक्फ बिल पर दूसरा सीएए जैसा आंदोलन नहीं चाहती है।

**21 मार्च को लोकसभा में गिलोटिन लाया जाएगा :** माना जा रहा है कि मोदी सरकार ईद के बाद वक्फ विधेयक को संसद में चर्चा के लिए ला सकती है। 21 मार्च को लोकसभा में गिलोटिन लाया जाएगा, जिससे बिना चर्चा के बचे हुए मंत्रालयों की अनुदान मांगों को पारित किया जा सके। इसके बाद वित्त विधेयक पारित कराया जायेगा। वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 का मकसद डिजिटलीकरण, बेहतर ऑडिट, बेहतर पारदर्शिता और अवैध रूप से कब्जे वाली संपत्तियों को वापस लेने के लिए कानूनी सिस्टम में सुधारों को लाकर इन चुनौतियों को हल करना है। सूत्र ये भी इशारा कर रहे हैं कि अगर वक्फ विधेयक पर किसी तरह का संशय सरकार को दिखता है तो संसद का बजट सत्र बजट पास करते ही समय से पहले खत्म कर दिया जाएगा।

## गैंगस्टर अमन साहू के गुर्गों के विदेश से जुड़े तार

**रांची।** गैंगस्टर अमन साहू गैंग विदेश से हथियार खरीदकर रांची समेत अन्य स्थानों पर गोलीबारी और हत्या करने में इस्तेमाल कर रहे हैं। करमटोली में कोयला ट्रांसपोर्टर विपिन मिश्रा को गोली मारकर घायल करने में इस गैंग के गुर्गों ने ऑस्ट्रिया मेड पिस्टल का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने प्रेम प्रकाश समेत अन्य को पकड़ा तो वहां से दो ऑस्ट्रिया मेड नाइन एमएम की पिस्टल व अन्य हथियार मिले। अपराधियों ने पुलिस को बताया कि अमन उन्हें कहीं भी हथियार को रखवा कर इसकी जानकारी देता था।

## सीएम योगी का बड़ा ऐलान | 31 मार्च तक 1 लाख युवाओं को बिना गारंटी मिलेगा 5 लाख का लोन


एजेंसी ▶▶ गोंडा



31 मार्च तक एक लाख युवाओं को बिना गारंटी के पांच लाख रुपए का ऋण का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। प्रत्येक जनपद में 25 से 27 मार्च तक मेला लगाकर ऋण वितरित किए जाएंगे। ये आश्वासन गुरुवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय गोंडा में आयोजित ऋण व टूलकिट वितरण कार्यक्रम में सीएम योगी ने दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत तीन लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन किए हैं। 30 हजार से अधिक युवाओं के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। 17 हजार से अधिक युवाओं को ऋण मिल चुका है। सीएम ने कहा कि युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष एक लाख युवाओं को ऋण दिलाया जाएगा।

### 7.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुके

सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले पुलिस में सिर्फ दस हजार बेटियों को नौकरी मिली थी। 1.56 लाख की पुलिस भर्ती में भी उप्र सरकार ने 25 हजार बेटियों को नौकरी दी थी। हमने तय किया है प्रत्येक भर्ती में 20 प्रतिशत नौकरी बेटियों को देंगे। उप्र की डबल इंजन सरकार 7.50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान व मुख्यमंत्र युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया गया है। सीएम ने कहा कि गोंडा व बहराइच में बाईपास निर्माण की स्वीकृति दे दी गई है। रोजगार के लिए ठोकरें खाने वाला युवा उद्यमी बनेगी। युवा अपने उद्यम से उप्र को दे की नंबर वन अर्थव्यवस्था बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोन दिलाने के लिए पैसा मांगने वालों की शिकायत करें। जांच कराकर ऐसी कार्रवाई करेंगे कि नजीर बन जाएगी।



## दुनिया की सबसे उल्लेखनीय, लेकिन कम चर्चित गाथाओं में से एक

# विकसित रेल, विकसित भारत : विश्व स्तरीय से श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ तक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की विकास कहानी की जीवन रेखा, भारतीय रेल दुनिया की सबसे उल्लेखनीय, लेकिन कम चर्चित गाथाओं में से एक है, कैसे अवसंरचना और परिवहन-संपर्क सुविधा के प्रति जागरूक सार्वजनिक नीति में रणनीतिक निवेश, राष्ट्रीय विकास में गुणात्मक लाभांश दे सकता है। पिछले दशक (वर्ष 2014-2024 तक) के दौरान भारतीय रेल ने जो प्रगति की है, वह इसके विकास और प्रगति का स्वर्णिम काल हो सकता है तथा यह प्रणाली आज विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ते रेलवे नेटवर्क में से एक है। तो, भारत की कहानी को कौन-सी चीज अलग करती है और इसे विकास की समान महत्वाकांक्षा वाले देशों और क्षेत्रों के लिए एक सबक बनाती है ? मुख्य बात एक सार्वजनिक नीतिगत दृष्टिकोण है, जिसे सबसे अच्छे ढंग से यह कहकर संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है कि रेलवे के लिए योजना, भारत के साथ और भारत के लिए तैयार की गई है। इसका मतलब इस बात की पहचान करना था कि यह प्रणाली विश्वस्तरीय हो और आम आदमी के लिए अपनी आवश्यक भूमिका में सस्ती बनी रहे। भारत के 22.4 मिलियन लोग अपने आर्थिक जीवन के एक हिस्से के रूप में इस सेवा का दैनिक उपयोग करते हैं। भारतीय रेल को एक ऐसी प्रणाली के रूप में समानांतर रूप से विकसित होना चाहिए, जो देश के उद्योग, वाणिज्य और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की महत्वाकांक्षा का समर्थन करती हो।

इसके लिए व्यापार करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव की आवश्यकता थी। अतीत में रेलवे की आलोचना धीमी विकास दर, आधुनिकीकरण की कमी और अवसंरचना की क्षमता संतृप्ति आदि के लिए की जाती थी। ऐसी आलोचना अभी भी वे लोग करते हैं, जो पर्याप्त ज्ञान के बिना पुरानी मानसिकता से चिपके हुए हैं, जैसे नेटवर्क विकास की आलोचना अक्सर वर्ष 1950 के बाद से केवल 68,000 किमी तक क्रमिक वृद्धि के लिए की जाती है, बिना यह जाने कि क्षमता वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण वृद्धि पटरी विस्तार से जुड़ी है, जो आज 1,32,000 किमी से अधिक हो गई है।पिछले दशक के साथ इसके प्रदर्शन की दस साल की तुलना इस बात को साबित करती है। वर्ष 2004 से 2014 के दौरान 14900 के मुकाबले वर्ष 2014 से 2024 के दौरान कुल 31000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गईं। इसी तरह संचयी माल लदान 8473 मिलियन टन से 12660 मिलियन टन तक बढ़ गया, भारतीय रेल ने 8.64 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 18.56 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया; 5188 किमी की तुलना में 44000 किमी से अधिक का विद्युतीकरण हुआ, जिससे कार्बन फुटप्रिंट की बचत हुई; पिछले दशक के शून्य के मुकाबले 2741 किमी लंबे विश्व स्तरीय समर्पित माल गलियारे, लोको का उत्पादन 4695 से बढ़कर 9168 हो गया और रेल कोच का निर्माण 32000 से बढ़कर 54000 हो गया। उत्पादकता और प्रदर्शन के सभी मापदंडों में भारतीय रेल ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रमुख सुधार रेल बजट को मुख्य बजट में विलय करने से हुए, जिसे भाप युग की मानसिकता वाले कई लोग आज भी बिना किसी स्पष्ट कारण के भूल जाते हैं। रेलवे वित्तीय अभाव के कारण संसाधनों के सीमित वितरण के कारण भारी मात्रा में लंबित स्वीकृत परियोजनाओं से जूझ रहा था। इसमें पिछले दशक के दौरान 8.25 लाख करोड़ रुपये के जीबीएस का केन्द्रित निवेश हुआ, जबकि इससे पहले के दस वर्षों में यह केवल 1.56 लाख करोड़ रुपये था। रेलवे जल्द ही श्रीनगर के लिए अपनी पहली ट्रेन का परिचालन करेगा, घाटी तक जाने वाली पटरियाँ पूरी हो चुकी हैं, कुछ सबसे ऊँचे व सबसे लंबे पुल और सबसे लंबी रेल सुरंगें शक्तिशाली पहाड़ों से होकर नेटवर्क को जोड़ती हैं। भारतीय रेल अपनी निर्बाध परिवहन-संपर्क सुविधा के लिए 100% विद्युतीकरण हासिल करने वाला पहला प्रमुख रेलवे बनने वाला है, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और कार्बन फुटप्रिंट में भारी कमी आएगी।

## भारत में 2028 अंत तक 5जी उपयोगकर्ता 77 करोड़ होंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूरसंचार उपकरण कंपनी नोकिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में औसत 5जी डेटा खपत प्रति उपयोगकर्ता प्रति माह 40 जीबी तक पहुंच गयी है। अगले तीन साल में 5जी के कुल ग्राहक आधार के 2.65 गुना बढ़कर करीब 77 करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है। नोकिया की वार्षिक मोबाइल ब्रॉडबैंड सूचकांक (एमबीआईटी) रिपोर्ट के अनुसार, 4जी, 5जी आदि डेटा की खपत मिलकर पांच साल में 19.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर से बढ़कर 2024 में 27.5 जीबी हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में पूरे भारत में 5जी डेटा उपयोग में सालाना आधार पर तीन गुना की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। नोकिया इंडिया के प्रौद्योगिकी एवं समाधान प्रमुख (मोबाइल नेटवर्क) संदीप सक्सेना ने रिपोर्ट पेश करते हुए कहा, दिसंबर, 2024 में भारत में प्रति उपयोगकर्ता औसत 5जी डेटा खपत 40 जीबी दर्ज की गई। हमारा अनुमान है कि 5जी उपयोगकर्ता आधार 2024 में 29 करोड़ से बढ़कर 2028 तक लगभग 77 करोड़ हो जाएगा।

## हिंडाल्को, तांबा कारोबार में करेगी 45,000 करोड़ निवेश

**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमारमंगलम बिड़ला ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज भविष्य में अपने एल्युमीनियम, तांबा और विशिष्ट एल्युमिना कारोबार में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। बिड़ला ने समूह की कंपनी हिंडाल्को के लिए एक नई ब्रांड पहचान के अनावरण कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अच्छे कामों के लिए एक ताकत बनना चाहती है और उन्होंने देश के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक की इसके प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बिड़ला ने कहा, ''हम एल्युमीनियम, तांबा और विशिष्ट एल्युमिना कारोबार में 45,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जता रहे हैं ताकि अगली पीढ़ी के उच्च परिशुद्धता वाले उत्पाद भी उपलब्ध कराए जा सकें।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **इरशाद उर्फ राजीव** पुत्र **सुल्तान** निवासी **झुग्गी नं. 402, सी.डी. पार्क, दिल्ली** ने **case FIR No. 165/18 U/s 380/411/457/34 IPC, थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **इरशाद उर्फ राजीव** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **इरशाद उर्फ राजीव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **case FIR No. 165/18 U/s 380/411/457/34 IPC, थाना रूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **इरशाद उर्फ राजीव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (केन्द्रीय)
कमरा नं. 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/3416/N/2025(Court Matter)



### निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हरियाणा, पंचकूला

चौथी मंजिल, डीएचएल स्क्वायर, प्लॉट नंबर 9, आईटी पार्क, सेक्टर 22, पंचकूला, हरियाणा– 134112
फोन नंबर 0172-2584633, 2560799 ईमेल: dmer-hry@nic.in
वेबसाइट: https://dmer.haryana.gov.in/

### सार्वजनिक सूचना

यह सभी संबंधितों की जानकारी के लिए है कि कोरियावास (नारनौल), जींद और भिवानी में आगामी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में से प्रत्येक में निदेशक के रिक्त पदों को भरने के संबंध में मेमो संख्या डीएमईआर/एमसीबी/एफ–10/2024/3347 दिनांक 12.02.2024 के माध्यम से जारी सार्वजनिक सूचना, एतद् द्वारा, वापस ली जाती है।

सभी आवेदकों से अनुरोध है कि वे सार्वजनिक सूचना जारी होने पर नए सिरे से आवेदन करें। सार्वजनिक सूचना चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, हरियाणा की वेबसाइट https://dmer.haryana.gov.in/ पर उपलब्ध रहेगी।

यशेंद्र सिंह
निदेशक
चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान,
हरियाणा, पंचकूला

पीआरडीएच–1058/11/1012/2025/33121/88/7 दि. 20.03.25


## न्यू इंडिया इंश्योरेंस को मिली कर मांग की नोटिस

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की साधारण बीमा कंपनी न्यू इंडिया एश्योरेंस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे आयकर विभाग से 124.98 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है।


**चिकित्सा**

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm


## सोने में तीन दिन से जारी तेजी थमी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ 300 रुपए टूटकर 91,650 पर, चांदी में भी 1500 रुपए की गिरावट

वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में भी सोने में तेजी का सिलसिला थम गया। स्थानीय बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये की तेजी के साथ 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना, जो पिछले सत्र में 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था, बृहस्पतिवार को 300 रुपये की गिरावट के साथ 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

चांदी की कीमत भी बुधवार के बंद स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,500 रुपये की गिरावट के साथ 1,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### कॉमेक्स सोना वायदा में गिरावट

वैश्विक बाजारों में बृहस्पतिवार को हाजिर सोना 14.44 डॉलर की गिरावट के साथ 3,033.35 डॉलर प्रति औंस रह गया। सुबह के कारोबार में यह 3,057.36 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह, अप्रैल डिलिवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,038 डॉलर प्रति औंस रह गया।

## रेनॉल्ट दो फीसदी तक बढ़ाएगी वाहनों के दाम

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता रेनॉल्ट इंडिया ने अप्रैल से अपने सभी मॉडल की कीमतों में दो प्रतिशत तक की वृद्धि करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, वृद्धि की सीमा अलग-अलग संस्करण और मॉडल के लिए अलग-अलग होगी। रेनॉल्ट इंडिया के प्रबंधक निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (कंट्री) वेंकटराम मामिलपल्ले ने कहा, 'लंबे समय तक कीमतों को बनाए रखने के हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, कच्चे माल की लागत में निरंतर वृद्धि ने इस मूल्य समायोजन को आवश्यक बना दिया है। वाहन विनिर्माता ने बताया कि फरवरी 2023 के बाद से रेनॉल्ट इंडिया द्वारा घोषित यह पहली मूल्य वृद्धि है।


### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी भिवानी | तोशाम विधानसभा क्षेत्र जिला भिवानी में 2 अदद सम्पर्क सड़कों का निर्माण, गांव हसन से सिधनवा और सिधान से मनधन (आईडी 11616 और 10281)। | बंद होने की तिथि 01.04.2025 | 1.71 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1664242782 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/33091/I/88/7 दि. 20.03.25


## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स मार्च में 12 नए शोरूम खोलेगा 13 देशों में 391 शोरूम तक करेगा वैश्विक नेटवर्क का विस्तार

**मुंबई।** दुनिया का छठा सबसे बड़े आभूषण विक्रेता (ज्वेलर) मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करने के लिए मार्च 2025 तक 12 नए शोरूम खोलने की तैयारी में है. इस हालिया विस्तार से 13 देशों में कंपनी के कुल शोरूम की संख्या 391 तक पहुंच जाएगी और कंपनी की मौजूदगी भारत के 19 राज्यों तक हो जाएगी.ये नए शोरूम मुंबई के पनवेल, पुणे के सिंहगढ़ रोड, ओडिशा के ब्रह्मपुर रोड और सौभाग्य नगर, झारखंड के धनबाद, कर्नाटक के होस्पेट, नगरभवी और चित्रदुर्ग, आंध्र प्रदेश के नांदयाल, अमलापुरम और मछलीपट्टनम एवं उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित होंगे. मलाबार ग्रुप ने विस्तार के इस चरण में कुल 600 करोड़ रुपये खर्च किए हैं और इस वित्त वर्ष में विभिन्न पदों पर 406 कर्मचारियों की नियुक्ति की है. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 2025 में 60 नए शोरूम खोलने की योजना बनाई है. इससे कंपनी की वैश्विक उपस्थिति का और अधिक विस्तार होगा. अप्रैल 2025 में ग्रुप पांच नए शोरूम का उद्घाटन करेगा, जिससे मध्य पूर्व, ब्रिटेन और कनाडा में समूह का और अधिक विस्तार होगा. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने लोकप्रिय एक्टर और ब्रांड एंबेसडर एनटीआर जूनियर के साथ एक उपभोक्ता जागरूकता अभियान (कंज्यूमर अवेयरनेस कैंपेन) की शुरुआत की है।

## बीएसई सेंसेक्स 899 अंक की छलांग से 76,000 अंक के पार

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार चौथे सत्र में बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 899 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी ने 283 अंक की छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में कटौती का अनुमान बरकरार रखने और दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी से निवेशकों की धारणा को मजबूती मिली। बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 899.01 अंक यानी 1.19 प्रतिशत उछलकर 76,000 अंक के स्तर के ऊपर 76,348.06 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 1,007.2 अंक बढ़कर 76,456.25 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 283.05 अंक बढ़कर एक बार फिर 23,000 अंक के स्तर के ऊपर 23,190.65 अंक पर बंद हुआ। मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा, 'सभी क्षेत्रों में खरीदारी आने से बाजार लगातार चौथे दिन बढ़त के साथ बंद हुए।


### हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO.79/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/2024-25 DATED:-25/02/2025 (ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_430641_1) | बोली खुलने की तिथि 18.03.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 02.04.2025 (13:00 बजे तक) बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO.81/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/2024-25 DATED:-05/03/2025 (ONLINETENDERIDNO. 2025_HBC_431669_1) | बोली खुलने की तिथि 18.03.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 02.04.2025 (13:00 बजे तक) बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO.82/CWD-2/VOL-XVIII/HVPN/2024-25 DATED:-06/03/2025 (ONLINETENDERIDNO. 2025_HBC_431676_1) | बोली खुलने की तिथि 18.03.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 02.04.2025 (13:00 बजे तक) बढ़ा दी गई है (समितियां और ठेकेदार)। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/60/33076/I/88/7 दि. 20.03.25



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।




## ओकरिज के शिक्षकों ने एसईएएमईआई सम्मेलन में शिक्षण के भविष्य की खोज की

**विशाखापत्तनम।** ओकरिज इंटरनेशनल स्कूल, विशाखापत्तनम के शिक्षकों ने एसईएएमईआई (दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, भारत) शिक्षण और अधिगम सम्मेलन 2025 में भाग लिया, जिसमें दुनिया भर के नॉर्ड एंग्लिया शिक्षा विद्यालयों के 200 से अधिक शिक्षक और नेता शामिल हुए। तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान, शिक्षकों ने नेतृत्व, लचीलापन, नवाचार और समावेशन सहित शिक्षण के भविष्य को आकार देने वाले प्रमुख विषयों की खोज की। सम्मेलन ने सहयोग के लिए एक मंच प्रदान किया और पूरे क्षेत्र के शिक्षकों को सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने, उभरते रुझानों पर चर्चा में शामिल होने और अपनी कक्षाओं में वापस लाने के लिए नई अंतर्दृष्टि प्राप्त करने की अनुमति दी। ओकरिज विशाखापत्तनम में अंग्रेजी सुविधाकर्ता साई रत्न अलमूरू ने कहा, 'सम्मेलन से मेरा सबसे बड़ा लाभ व्यक्तिगत सीखने और छात्र जुड़ाव और सफलता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना था।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 84 बीएनएसएस देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कमल पुत्र रोशन लाल, पता: बी–2/33, बुद्ध विहार, फेस–I, दिल्ली ने एफआईआर संख्या : 292/2021 धारा 363 भा.द.स. के तहत** थाना: विजय विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कमल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कमल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या : 292/2021 धारा 363 भा.द.स. के तहत थाना: विजय विहार, दिल्ली के उक्त कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष(या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निधि चिटकारा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
पश्चिम जिला, कमरा नं.104
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/3393/RD/2025




### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका अम्बाला सदर | एम.सी. अम्बाला सदर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर बस क्यू शेल्टर का प्रावधान व फिक्सिंग। | 14.03.2025 02.04.2025 | 1.81 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | mcambalasadar@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका अम्बाला सदर | मल्टी लेवल पार्किंग सहित शेष कार्यों को पूरा करने हेतु आकलन। | 14.03.2025 02.04.2025 | 1.40 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | mcambalasadar@gmail.com |
| 3 | नगर पालिका अम्बाला सदर | एम.सी. अम्बाला सदर सुभाष पार्क में एसपीडीएम ट्रेक का प्रावधान व बिछाना। | 18.03.2025 09.04.2025 | 83.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | mcambalasadar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/60/33074/I/88/7 दि. 20.03.25


## शब्द पहेली - 5811




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा–4
3.गिरवी रखी वस्तु–3
5.चहा,पेय पदार्थ–2
6.ऐयार,गुप्तचर–3
7.संध्या,सांझ–2
9.रसद,किराणा सामग्री–3
11.करामात,करतब–5
14.विक्रय स्थल–3
16.कलाकार–4
17.चाहत,लगन–2
18.सद्,अच्छा–2
19.लंबा कोट–4
23.पानी की बूंद–3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण–5
27.लोभ,लालसा–3
28.दौड़ना(अंग्रेजी–2)
30.रेखा,लाइन–3
31.अकुवा,आकड़ा–2
32.अव्यवस्थित भीड़–3
33.अचानक,सहसा–4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब–2
2.सम्राट,शहंशाह–4
3.सांभर जैसा खाद्य–3
4.सरुर, मद–2
5.चापलूस–4
6.प्राण, जीवन तत्व–2
8.चिंतन–3
10.भद्र, कुलीन–3
12.अपराध–3
13.पिता का भाई–2
15.यात्री दल–3
17.प्रेम लगन–3
18.भ्रमर,जलावर्त–3
20.चमड़ी,त्वचा–2
21.अनुकृति–3
22.आर्द्रक–4
23.कटि,मध्यांग–3
25.हठ करना, जिद करना,रोना–4
26.साजन,सनम–3
27.थूक,लेस–2
29.भीगा हुआ–2
31.उम्मीद,आशा–2

### शब्द पहेली- 5810 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |



## हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को फिर सौंपा अपनी टीम का नेतृत्व

# आईपीएल : 'देसी' कप्तान पर सबको भरोसा, 10 में से 9 टीमों के कप्तान भारतीय, पंत 27 करोड़ से सबसे महंगे नेतृत्वकर्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल के 18वें सीजन का धमाकेदार आगाज कल शनिवार 22 मार्च को होने जा रहा है। सभी 10 टीमें अपने-अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास में जुटी हैं, और इस बार खिताब को अपने नाम करने के लिए रणनीतियां तैयार कर रही हैं। इसमें सबसे प्रमुख भूमिका टीमों के कप्तान की होने वाली है। हालांकि, विगत वर्षों से तुलना करें तो यह पहली बार है जब 10 में से नौ टीमों ने अपना दांव देसी कप्तानों पर लगाया है। केवल सनराइजर्स हैदराबाद एकमात्र टीम है, जिन्होंने गत वर्ष फाइनल में पहुंचाने वाले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को अपनी टीम का नेतृत्व फिर सौंपा है। शेष सभी टीमों की कमान भारतीय खिलाड़ियों के हाथों में ही है। आईपीएल के इतिहास के सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज इस बार भी अपनी फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम की कमान अब फ्रेंचाइजियों ने युवा हाथों में ही सौंप दी है। चेन्नई सुपरकिंग्स का नेतृत्व जहां ऋतुराज गायकवाड़ कर रहे हैं, वहीं मुंबई इंडियंस की कमान हार्दिक पांड्या के हाथों में है। हालांकि, इन दोनों ने पिछले वर्ष भी टीम की कमान संभाली थी, परंतु अपनी टीमों को उनकी विरासत के अनुसार सफलता नहीं दिला पाए थे। हार्दिक के नेतृत्व में लगातार दो फाइनल खेलने वाली गुजरात टाइटंस का भी पिछले सत्र में शुभमन गिल की अगुआई में प्रदर्शन बहुत खास नहीं रहा था। ऐसे में इस बार उनके नेतृत्व कौशल पर भी सभी की नजरें होंगी।



### पंजाब को अय्यर पर भरोसा

चारों ही टीम अब तक चैंपियन नहीं बनी है, हालांकि श्रेयस ने अपनी कप्तानी में गत वर्ष कोलकाता नाइटराइडर्स को चैंपियन बनाया था पर अब ये देखना अहम होगा कि उनकी रणनीतियां क्या पंजाब किंग्स को पहला खिताब दिला पाती हैं या नहीं? राजस्थान रॉयल्स ने भी युवा संजू सैमसन पर फिर भरोसा जताया है। वह अपनी गलतियों से सीख कर इस बार फिर दमदार प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करेंगे।



### चार टीमें नहीं जीत पाईं खिताब

रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने भी इस बार युवा रजत पाटीदार को अपना कप्तान बनाया है। दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने फ्रेंचाइजी के इस निर्णय की बहुत सराहना की है, लेकिन अब ये भविष्य ही बताएगा की वह पहली बार आरसीबी को खिताब दिलाने में सफल होते हैं या नहीं। इधर, दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स ने भी कप्तानी में फेरबदल कर युवाओं पर ही भरोसा ही जताया है। दिल्ली कैपिटल्स ने अक्षर पटेल, लखनऊ सुपरजायंट्स ने ऋषभ पंत और पंजाब किंग्स ने श्रेयस अय्यर को टीम की कमान सौंपी है।

### पैट पर सनराइजर्स को विश्वास

ऑस्ट्रेलियाई आलराउंडर और कप्तान पैट कमिंस ने पहले ही सत्र में अपनी कप्तानी की जबरदस्त छाप छोड़ी। सनराइजर्स हैदराबाद को फाइनल में पहुंचाने वाले पैट कमिंस पहले ऑस्ट्रेलियाई कप्तान नहीं हैं। इससे पहले, डेविड वॉर्नर ने टीम के लिए यह कारनामा किया था, इसलिए सनराइजर्स हैदराबाद इस बार एकमात्र टीम है, जो विदेशी कप्तान पर दांव लगाने को तैयार है।



### देसी कप्तानों का रहा है बोलबाला

आईपीएल के 17 सत्रों के इतिहास पर गौर करें तो शुरुआती दो सत्र 2008 एवं 2009 और 2016 को छोड़ दें तो अब तक सभी खिताब देसी कप्तानों ने ही जीते हैं। इनमें सबसे सफल महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा हैं, जिन्होंने पांच-पांच बार अपनी टीमों चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाया है। कोलकाता नाइटराइडर्स अब तक तीन बार चैंपियन बनी है, परंतु तीनों ही बार उनके कप्तान देसी ही रहे हैं। भारतीय टीम के वर्तमान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने दो बार बतौर कप्तान और एक बार बतौर कोच टीम को सफल बनाया है। वहीं, पिछले सत्र में श्रेयस अय्यर ने केकेआर को चैंपियन बनाया था।

## पहले तीन मैचों में पराग होंगे रॉयल्स के कप्तान

**नई दिल्ली।** उदीयमान स्टार रियान पराग पहले तीन आईपीएल मैचों में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान होंगे क्योंकि नियमित कप्तान संजू सैमसन को ऊंगली की सर्जरी के बाद बीसीसीआई ने विकेटकीपिंग से मना किया है जिसके मायने है कि वह इन मैचों में सिर्फ बतौर बल्लेबाज ही उपलब्ध होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में टी20 मैच के दौरान सैमसंग की ऊंगली में फ्रेक्चर हो गया था जिसके बाद उन्हें छोटी सर्जरी करानी पड़ी। उन्हें बल्लेबाजी की अनुमति मिल गई है लेकिन बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र की मेडिकल और खेल विज्ञान टीमों ने उन्हें ऊंगली को कुछ और आराम देने की सलाह दी है।

## लार पर बैन हटने से रिवर्स स्विंग में मिलेगी मदद

**बेंगलुरु।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से पहले गेंद पर लार लगाने पर से प्रतिबंध हटाने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड के फैसले का तहेदिल से स्वागत करते हुए कहा कि इससे गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग करने में मदद मिलेगी। सिराज ने कहा, 'यह गेंदबाजों के लिए बहुत अच्छी खबर है। यह हम सभी गेंदबाजों के लिए शानदार खबर है क्योंकि जब गेंद से किसी तरह की मदद नहीं मिल रही हो तब इस पर लार लगाने से रिवर्स स्विंग हासिल करने की संभावना बढ़ जाती है।'

### पंत सबसे महंगे कप्तान

| खिलाड़ी | टीम | राशि |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | लखनऊ | 27 करोड़ |
| श्रेयस अय्यर | पंजाब | 26.75 करोड़ |
| पैट कमिंस | हैदराबाद | 18 करोड़ |
| ऋतुराज गायकवाड़ | चेन्नई | 18 करोड़ |
| संजू सैमसन | राजस्थान | 18 करोड़ |
| शुभमन गिल | गुजरात | 16.5 करोड़ |
| अक्षर पटेल | दिल्ली | 16.5 करोड़ |
| हार्दिक पांड्या | मुंबई | 16.35 करोड़ |
| रजत पाटीदार | बेंगलुरु | 11 करोड़ |
| अजिंक्य रहाणे | कोलकाता | 1.5 करोड़ |

## राजावत-मुथुस्वामी ने दर्ज की जीत, हार से सिंधू बाहर

एजेंसी ▶▶| बासेल



भारत के प्रियांशु राजावत स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्थानीय खिलाड़ी तोबियास कुएंजी को सीधे गेम में हराकर पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। महिला वर्ग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सातवीं वरीयता प्राप्त पी वी सिंधू का खराब फॉर्म जारी रहा और वह पहले ही दौर में डेनमार्क की जूली जाकोबसेन से 17-21, 19-21 से हार गई। विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज राजावत ने 28 मिनट में 21-10, 21-11 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से होगा। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम भी अगले दौर में पहुंच गए जिन्होंने डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-15, 21-16 से शिकस्त दी। अब वह डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से खेलेंगे। पुरुष वर्ग में किरण जॉर्ज पहले दौर में डेनमार्क के रास्मस गेमके से 21-18, 17-21, 10-21 से हारकर बाहर हो गए।

## राष्ट्रीय शिविर को पुणे स्थानांतरित करने की तैयारी में डब्लूएफआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय कुश्ती महासंघ पुरुषों और महिलाओं के राष्ट्रीय शिविर को क्रमशः पुणे और गांधीनगर में स्थानांतरित करने की तैयारी में है। उसका कहना है कि अब समय आ गया है कि इस खेल को अन्य क्षेत्रों में भी ले जाया जाए तथा 'अनुशासनहीनता' की घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर स्थगित हैं जब देश के शीर्ष पहलवानों ने तत्कालीन डब्लूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। सोनीपत के बहलगढ़ में स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र लंबे समय से पुरुष पहलवानों के लिए ट्रेनिंग केंद्र और ट्रायल स्थल रहा है जबकि लखनऊ में स्थित साई केंद्र महिलाओं के शिविर और ट्रायल के लिए स्थल के रूप में काम करता रहा है।




## खेलो इंडिया पैरा खेल शुरू, मांडविया ने की खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प की सराहना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को यहां दूसरे खेलो इंडिया पैरा खेल का उद्घाटन किया और कई चुनौतियों के बावजूद दृढ़ संकल्प दिखाने के लिए देश के पैरा खिलाड़ियों की सराहना की। इन खेलों में देश भर के 1300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज हरविंदर सिंह, क्लब थ्रोअर धरमबीर और खेल रत्न विजेता ऊंची कूद के एथलीट प्रवीण कुमार जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं। इन खेलों का 27 मार्च को समापन होगा।

मांडविया ने यहां खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा, 'खेलो इंडिया ने धीरे-धीरे और लगातार अपना महत्व स्थापित किया। आज जब मैं यहां इन खिलाड़ियों को देख रहा हूं, तो मैं उनकी आंखों में कुछ कर गुजरने की ललक और विश्वास देखता हूं। हम वास्तव में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'




## शाह ने टीएमसी सांसद गोखले को सुनाई खरी-खरी

# मैं सात बार चुनाव जीतकर आया हूं किसी की कृपा से यहां नहीं खड़ा हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा कि वे किसी की कृपा से यहां नहीं हैं, बल्कि वह 7 बार चुनाव जीत चुके हैं।

दरअसल बुधवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू की गई। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने सीबीआई पर बोलना शुरू किया तो गृहमंत्री ने बताया कि सीबीआई गृह मंत्रालय के अंतर्गत नहीं आती है। इसके बाद गोखले ने गृहमंत्री पर निजी टिप्पणी की। गोखले को जवाब देते हुए शाह ने कहा कि वे किसी की कृपा से यहां नहीं पहुंचे हैं।



### जमींदारी कौन कर रहा, देश देख रहा

गृह मंत्री शाह ने कहा कि जमींदारी कौन कर रहा है अब वह पूरा देश देखेगा? उन्होंने कहा कि आप हाईकोर्ट को भी नहीं मानोगे। यह कह रहे हैं केस के परिणाम नहीं आ रहे हैं। बंगाल में एक भी सीबीआई स्पेशल कोर्ट नहीं है। नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि गोखले अपने कथन पर माफी मांगें और उसे वापस लें। अगर वे अपने कथन वापस नहीं लेते हैं तो इन शब्दों को सदन की कार्यवाही से निकाला जाए।

### सीबीआई पर गोखले ने किया था कमेंट

गोखले ने कहा कि सीबीआई ने 6900 हजार करप्शन केस दर्ज किए हैं। इनमें से बीते 20 वर्षों से 361 मामले लंबित हैं। उन्होंने गृह मंत्री पर व्यक्तिगत टिप्पणी भी की। इसके बाद सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों का हंगामा शुरू हो गया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि किसी से डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। मैं किसी की कृपा से यहां नहीं आया हूं। गृहमंत्री ने कहा कि मैं 7 बार चुनाव जीत कर आया हूं। एक विचारधारा का विरोध करके यहां नहीं घुसा हूं। डरने का प्रश्न ही नहीं उठाता। ये सदन को गलत जानकारी दे रहे हैं।

### 36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड रुपए की पहली किस्त की जारी

# शहरों-गांवों में पात्र परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएगी प्रदेश सरकारः नायब सैनी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत अपना पक्का मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता के रूप में प्रदेश के 36000 पात्र परिवारों के खातों में 151 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी की। योजना के तहत पहली किस्त के रूप में प्रत्येक पात्र परिवार को मकान बनाने के लिए 45000-45000 की राशि ट्रांसफर की गई। मुख्यमंत्री द्वारा यह राशि हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में जारी की गई। कार्यक्रम में सभी जिला उपायुक्त और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऑनलाइन जुड़े। सैनी ने सभी लाभार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि गरीब व्यक्ति का सपना होता है कि उनका अपना घर हो। आज इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में 36000 घर बनने की शुरुआत हो रही है। आज का यह दिवस इन सभी परिवारों के बेहतर भविष्य का अध्याय बनेगा। जब लोग आगे बढ़ेंगे तो देश और प्रदेश भी तरक्की करेगा। सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने संकल्प पत्र में वायदा किया था कि प्रदेश में शहरों और गांव में गरीब परिवारों को 5 लाख आवास उपलब्ध कराएंगे। आज डबल इंजन की सरकार ने इस दिशा में सफल कदम बढ़ा रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने हर परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई है। इसे और गति देते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री आवास योजना क्रियान्वित की जा रही है। जहां मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश सरकार द्वारा घर का सपना साकार करने प्लाट उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

**25 विधायकों को 1-1 करोड़ रुपए की राशि की जारी**

सैनी ने कहा कि विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत हरियाणा में 25 विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए विधायकों को 1-1 करोड़ की निधि जारी की जा चुकी है। सैनी हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की सूची भिजवाएं ताकि उन्हें भी यह राशि जल्द से जल्द जारी की जा सके। बजट में भी सभी विधायकों को क्षेत्रों में विकास कार्य करवाने के लिए 5 -5 करोड़ रुपए की राशि देने की घोषणा की गई है। ये राशि 3 किस्तों में दी जाएगी।

### अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर की भारत यात्रा से मिले संकेत

# भारत-अमेरिका के बीच जल्द होगा दस वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क का नवीनीकरण!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत को दो मोर्चों से बढ़ते युद्ध के खतरे के बीच अमेरिका की हिंद-प्रशांत कमांड के कमांडर एडमिरल सैमुअल. जे. पापारो की हालिया संपन्न हुई भारत यात्रा से इस बात की मजबूत संभावना नजर आ रही है कि दोनों देशों के बीच 10 वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क का नवीनीकरण हो जाएगा। जिससे भारत और अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा। यह मुद्दा एडमिरल पापारो की भारत में सैन्य और असैन्य तबके के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठकों में प्रमुखता से शामिल था। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी एक बयान से यह जानकारी मिली है। जिसमें बताया गया कि पापारो की भारत यात्रा 16 से 19 मार्च के बीच हुई थी। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान से



फाइल फोटो

मुलाकात की थी। यह यात्रा राजधानी में किए गए रायसीना संवाद-2025 कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए की गई थी।

### कॉम्पैक्ट को बढ़ावा मिलेगा

अमेरिकी बयान के मुताबिक पापारो की भारत यात्रा से दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों द्वारा इस वर्ष फरवरी महीने में लांच किए गए 21 वीं सदी से जुड़े हुए कॉम्पैक्ट (केटलाइजिंग अपॉर्च्युनिटीज फॉर मिलिट्री पार्टनरशिप, एक्लीरेटेड कॉमर्स एंड टेक्नोलॉजी) के कदम को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके जरिए दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न स्तंभों जैसे रक्षा, व्यापार-निवेश, ऊर्जा, तकनीक और नवाचार व लोगों के लोगों से संबंधों के मामले में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेगा। अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों के क्वाड समूह के शीर्ष रक्षा और सुरक्षा अधिकारियों के बीच रायसीना संवाद से इतर उक्त मुद्दे पर वृहद बातचीत हुई है। संवाद का उद्देश्य दोनों देशों के बीच आपसी समझ बढ़ाना और दस वर्षीय रक्षा फ्रेमवर्क के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ना था। भारत-अमेरिका की रक्षा साझेदारी अंतरराष्ट्रीय शांति की आधारशिला है। अमेरिका ने 2016 में भारत को बड़े रक्षा साझेदार के रूप में नामित किया था। इसी के तहत उसे स्ट्रेजिक ट्रेड ऑथराइजेशन टियर 1 की अनुमति मिली थी। जिससे भारत को अमेरिका के कई प्रकार के रक्षा उत्पादों और तकनीक तक लाइसेंस फ्री पहुंच मिली। इसे अमेरिका के वाणिज्य विभाग द्वारा नियंत्रित किया जाता है। दोनों की रक्षा भागीदारी का अगले वर्ष तक नवीनीकरण होना है।

### समुद्री सुरक्षा के विषय पर साझा किए विचार

अमेरिका के हिंद-प्रशांत कमांडर की जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और ब्रिटेन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भी मुलाकात हुई थी। उन्होंने डीपवाटर प्रिल्सः सिक्योरिंग ट्रेड थ्रू रेड जोंस नामक एक परिचर्चा को संबोधित किया। जिसमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान और फिलीपींस के शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। एडमिरल पापारो ने परिचर्चा में समुद्री खतरों, वैश्विक सुरक्षा-व्यापार से जुड़े खतरे, गठबंधन और साझेदारों के साथ समुद्री आवाजाही की स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने का महत्व, कृत्रिम मेधा के एकीकरण और सैन्य तैयारियों के लिए मानव रहित सिस्टम की उपयोगिता के विषय पर अपने विचार साझा किए थे।

### 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी

# नागपुर में 2 क्षेत्रों से हटा कर्फ्यू, अन्य में दी ढील

एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसा के बाद पुलिस ने 2 थाना क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा लिया है। नंदनवन और कपिलनागर पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी समाप्त कर दी गई है। अन्य थाना क्षेत्रों में दोपहर 2 से 4 बजे तक कर्फ्यू में राहत दी गई है। पुलिस कमिश्नर द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार हिंसा के बाद 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में संचारबंदी लागू की गई थी। कोतवाली और तहसील गणेश पेठ थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू अगले आदेश तक जारी रहेगा।



**हालात पर रखी जा रही नजर**

पुलिस ने कहा कि शहर की स्थिति पर निगरानी जारी है और हालात को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नागपुर शहर में हुई हिंसा के आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने 18 विशेष टीम गठित की हैं।

### खान समेत 6 पर देशद्रोह का मुकदमा

हिंसा के कथित मास्टरमाइंड फहीम खान सहित 6 आरोपियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर गलत सूचना देकर अशांति फैलाने के आरोप में देशद्रोह का मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि मामले की तफ्तीश के दौरान कई अन्य लोगों के खिलाफ भी देशद्रोह की धाराएं लगाई जा सकती हैं। पुलिस रिकॉर्ड से पता चलता है कि खान पहले भी बिजली चोरी और 2023-2024 में विरोध-प्रदर्शन समेत कई मामलों में आरोपी रहा है।

### चौहान और शर्मा की दिल्ली में हुई बैठक

# राजस्थान सरकार के प्रस्तावों पर शिवराज सिंह का सकारात्मक रुख, अफसरों को दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बीच बृहस्पतिवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विकास के विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा), दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) सहित अन्य योजनाओं के संबंध में राजस्थान सरकार द्वारा दिए प्रस्तावों पर सकारात्मक रूख दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की कई योजनाओं का क्रियान्वयन राजस्थान आदर्श तरीके से कर रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजस्थान की प्रगति में केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का जो भी योगदान हो सकेगा, वह हम भरपूर करेंगे। शिवराज सिंह ने राजस्थान सरकार के प्रस्ताव पर, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत अग्रिम अनुदान के 126 करोड़ रुपये के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्देशित किया, वहीं इस योजना के चौथे चरण में आवासों की मंजूरी भी आवश्यक औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद करने की बात कही।

### पीएम आवास में 20 लाख आवासों का काम पूरा

शिवराज सिंह ने बताया कि राजस्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत लगभग 24 लाख आवास बनाने के लक्ष्य का आवंटन किया था, जिनमें से करीब 20 लाख आवासों का काम लगभग पूरा हो चुका है, वहीं 2018 के बाद की राजस्थान की आवास प्लस की जो सूची है, उनमें तकरीबन पौने तीन लाख आवास और शेष है, जो पात्र भाई-बहनों को दिए जाएंगे। इस पूरी सूची को हम आगामी अप्रैल में संतृप्त कर लेंगे, यानी 2018 के सर्वे की सूची के अनुसार कोई भी घर नहीं छूटेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा अनुसार, सभी पात्र गरीब भाइयों-बहनों को आवास दिए जाएंगे।

## सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को हटाया

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब सरकार ने बुधवार देर शाम शंभू और खनौरी बॉर्डर से प्रदर्शनकारी किसानों को हटा दिया, जिसके बाद सड़क को दोबारा खोलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। शंभू बॉर्डर पर सड़क मार्ग को फिर से चालू करने की दिशा में अहम



प्रगति हुई है। एकतरफा सड़क पर लगे सीमेंट ब्लॉक और भारी कंक्रीट को पूरी तरह से हटा दिया गया है, जिससे मार्ग लगभग साफ हो चुका है। एक तरफ की रोड आम लोगों के लिए खोल दी है। साथ ही सभी इलाकों में इंटरनेट भी फिर से चालू कर दिया गया है। करीब 13 महीने से यह रास्ते बंद थे। साथ ही कुछ किसानों को हिरासत में लिया है।

## कांग्रेस बताए 200 करोड़ कहां से आएंगे?

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

■ तेलंगाना में 'मिस वर्ल्ड' पर बवाल

तेलंगाना में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता पर बवाल मचा गया है। विपक्ष ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। तेलंगाना में प्रतियोगिता पर 200 करोड़ खर्च करने की बात कही गई है। इसके बाद बीआरएस ने कहा कि सरकार नकदी संकट का सामना कर रही है और कर्ज के बोझ में डूबी है, ऐसे में एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट पर 200 करोड़ रुपए कहां से खर्च हो रहे हैं? बीआरएस ने कहा कि सरकार का सूखा राहत के लिए राशि देने को नहीं है।

हरियाणा सरकार द्वारा
राज्य के निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों / शिकायतों के समाधान के लिए "104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन" की स्थापना एवं संचालन किया गया है।

मुख्य उद्देश्य

1 स्वास्थ्य संबंधित प्रश्नों/शिकायतों का समाधान करना।
2 स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के लिए राज्य के निवासियों के लिए सरल, उपयोगकर्ता अनुकूल और एकल खिड़की प्रणाली।
3 शिकायत प्राप्त करने, उसका समाधान और दस्तावेजीकरण करने के लिए एक मजबूत प्रणाली लागू की गई है, जिसके लिए टिकटिंग प्रणाली शुरू।
4 हरियाणा के सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में डॉक्टर की अपॉइंटमेंट प्राप्त करना ।

मुख्यमंत्री, हरियाणा के कुशल नेतृत्व में
हरियाणा स्वास्थ्य हेल्पलाइन
डायल टोल फ्री नंबर
104 24x7
स्वास्थ्य संबंधित जानकारी / शिकायत के लिए
का शुभारम्भ
मुख्य अतिथि
कु. आरती सिंह राव
स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा
दिनांक - 21 मार्च, 2025 समय - प्रातः 10:30 बजे
स्थान - पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस, सेक्टर - 1, पंचकूला

हरियाणा सरकार
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

हरियाणा के सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में डॉक्टर की अपॉइंटमेंट पाने के लिए घर बैठे "टोल फ्री नंबर 104" डायल करें।

हरियाणा का कोई भी निवासी स्वास्थ्य हेल्पलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए 3 अंकों का संक्षिप्त कोड "टोल फ्री नंबर 104" डायल कर सकता है।

Please scan QR Code to visit us
Please Follow us on
@nhm.haryana.7 @haryananhm @NHMHRY @nhmharyana9720

समय पर उचित उपचार, यही तो है अनीमिया मुक्त हरियाणा का आधार
नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने खून में हीमोग्लोबिन (Hb) की मुफ्त जाँच करवाएं

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा
website : www.nhmharyana.gov.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109